Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित




दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
शुभ नवरात्र
RNI NO. UPHIN/2018/76874
वर्ष: 5 अंक: 119 | बुधवार ,17 अप्रैल-2024 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सार संक्षेप

### 'बड़े मियां छोटे मियां' पर मंडराया फ्लॉप का खतरा



**नई दिल्ली।** डायरेक्टर अली अब्बास जफर ने हाल ही में फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से हिंदी सिनेमा में कमबैक किया है। लेकिन जिस तरह से उनकी ये एक्शन थ्रिलर बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन कर रही है, उससे ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि जफर की वापसी उम्मीद के मुताबिक फीके पड़ गई है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां की कमाई में गिरावट हर रोड बढ़ती जा रही है। रिलीज के छठे दिन भी ये मूवी कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी है।

### जीनत-मुमताज की जुबानी जंग पर सायरा बानो की प्रतिक्रिया




**नई दिल्ली।** जीनत अमान ने शादी से पहले लिव-इन रिलेशनशिप में रहने की सलाह दी थी, जिस पर अभिनेत्री मुमताज ने उन्हें आड़े हाथों लिया था। उन्होंने शादी के रिश्ते पर लिव इन में रहने की सलाह देने के लिए जीनत की कड़ी आलोचना भी की थी, जिसके बाद जीनत ने भी मुमताज की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी। वहीं, इस मामले में अब हिंदी सिनेमा की एक और दिग्गज अभिनेत्री शामिल हो चुकी हैं, वह हैं सायरा बानो। अब इस मुद्दे पर सायरा बानो की भी टिप्पणी सामने आई है।

## 500 साल बाद

# श्री रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे : सीएम योगी



*चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल (बुधवार) रामनवमी का दिन है यानी मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है और 500 साल बाद पहली बार श्री रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। उन्होंने नगीना, नहटौर, कैराना और शामली में आयोजित अलग-अलग जनसभाओं को संबोधित कर भाजपा को वोट देने की अपील की।*



**बिजनौर/शामली/सहारनपुर (उत्तर प्रदेश)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि कल (बुधवार) रामनवमी का दिन है यानी मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है और 500 साल बाद पहली बार श्री रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को नगीना के लोकसभा प्रत्याशी ओम कुमार के समर्थन में नहटौर,कैराना के भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के समर्थन में शामली में आयोजित अलग-अलग जनसभाओं को संबोधित किया और लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की।

सहारनपुर में मुख्यमंत्री ने भाजपा उम्मीदवार राघव लखनपाल शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। उन्होंने नवरात्र की अष्टमी के साथ ही रामनवमी की अग्रिम बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई।

## लोकसभा चुनाव से पहले कांकेर में मुठभेड़, 29 नक्सली ढेर

**छत्तीसगढ़।**

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान कम से कम 29 माओवादी मारे गए और कम से कम तीन जवान घायल हो गए। यह घटना 2024 के लोकसभा चुनाव शुरू होने से कुछ दिन पहले की है। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आईके एलेसेला ने कहा कि इलाके में मुठभेड़ अभी भी जारी है।



तीन जवान भी घायल

## आईएएफ के फाइटर

## पायलट दलीप सिंह मजीठिया के निधन पर पीएम मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।**



भारतीय वायु सेना के सबसे बुजुर्ग फाइटर पायलट स्क्वाड्रन लीडर दलीप सिंह मजीठिया के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शोक व्यक्त किया। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ₹स्क्वाड्रन लीडर दलीप सिंह मजीठिया जी का अनुकरणीय करियर और वीरता हमारे देश के लिए सेवा और समर्पण के उच्चतम आदर्शों का उदाहरण है। उनका निधन भारतीय वायु सेना के लिए एक गहरी क्षति है। उनका योगदान हमेशा प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना।



## डिंपल यादव ने दाखिल किया नामांकन, अखिलेश-शिवपाल भी रहे मौजूद, जीत का भरा दम

**लखनऊ**

मैनपुरी लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी पर पर अखिलेश ने कहा कि बसपा प्रत्याशी भाजपा नेताओं के घर बैठते थे... जो प्रत्याशी भाजपा से आए हैं और बसपा ने उन्हें मैदान में उतारा है, उससे शाक्य समाज पूरी तरह से अपमानित महसूस कर रहा है। इस बार मैनपुरी में शाक्य समाज समाजवादी पार्टी को वोट देगा। समाजवादी पार्टी (सपा) नेता डिंपल यादव ने मंगलवार को यहां मैनपुरी लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मौजूदा मैनपुरी सांसद के साथ सपा प्रमुख और उनके पति अखिलेश यादव और पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव और राम गोपाल यादव भी थे। डिंपल यादव ने पार्टी के दिवंगत संरक्षक मुलायम सिंह यादव को इटावा के सैफई में उनके स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। डिंपल यादव ने कहा कि मुझे मैनपुरी की जनता पर भरोसा है कि वे मेरा समर्थन करेंगे। डिंपल यादव ने कहा कि देश की जनता लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हराने के लिए तैयार है...आज देश पर करोड़ों रुपये का कर्ज है। 1.5 लाख करोड़ सरकार के पास राजस्व नहीं है। वे युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रहे हैं... इसलिए इस बार बहुत सारे मुद्दे हैं।'

*मैनपुरी लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी पर पर अखिलेश ने कहा कि बसपा प्रत्याशी भाजपा नेताओं के घर बैठते थे... जो प्रत्याशी भाजपा से आए हैं और बसपा ने उन्हें मैदान में उतारा है, उससे शाक्य समाज पूरी तरह से अपमानित महसूस कर रहा है। इस बार मैनपुरी में शाक्य समाज समाजवादी पार्टी को वोट देगा। मैनपुरी सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जयवीर सिंह और बसपा के शिवप्रसाद यादव मैदान में हैं। सिंह उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। अखिलेश यादव ने कहा, ह्यह्यमैनपुरी का चुनाव इस बार रिकॉर्ड मतों से समाजवादी पार्टी जीतने जा रही है। दूसरे दल जो सामने हैं उनके पास दिखाने और बताने को कुछ नहीं हैं। जनता जब दस साल दिल्ली के काम का और सात साल उप्र की सरकार के काम का आकलन करेगी, तो भाजपा के सारे चेहरे गायब हो जाएंगे। केंद्र और उत्तर प्रदेश से भाजपा का सफाया होने जा रहा है।*

# एक सप्ताह तक सभी दलों के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में झोंकेंगे पूरी ताकत

## आज राहुल गांधी व अखिलेश यादव तो कल से दो दिन तक योगी गाजियाबाद में करेंगे चुनाव प्रचार


**ललित कुमार**











22 अप्रैल को अभिनेत्री कंगना रनौत करेंगी रोड शो

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव-2024 के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए गाजियाबाद लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे सभ राजनीतिक दलों के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंकने में लगे हैं। आगामी एक सप्ताह तक सभी प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार अपने पूरे चरम पर रहेगा। इसी क्रम में विभिन्न पार्टियों के शीर्ष नेता अपनी-अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए गाजियाबाद आ रहे हैं।

इस क्रम में बुधवार यानी 17 अप्रैल को जहां कांग्रेस-सपा गठबंधन की संयुक्त उम्मीदवार डॉली शर्मा के समर्थन में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बुधवार को गाजियाबाद के कौशांबी में आ रहे हैं। वे यहां के एक होटल में पार्टी नेताओं से मुलाकात करने के पश्चात एक संयुक्त प्रेसवार्ता में पत्रकारों से बात करके अपनी चुनावी रणनीति का मीडिया से साझा करेंगे। इसके बाद कांग्रेस प्रियंका गांधी के रोड शो की योजना भी बना रही है, लेकिन अभी प्रियंका के आने की तिथि तय नहीं हो सकी है। उधर भारतीय जनता पार्टी के गाजियाबाद लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के पक्ष में वोट मांगने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 18 अप्रैल यानी बृहस्पतिवार को पिलखुआ के रामलीला मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अगले दिन 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री मोदीनगर में आयोजित एक चुनावी सभा मे भाग लेने आएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मोदीनगर बागपत से रालोद-भाजपा के संयुक्त प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर जनता से सांगवान के लिए वोट डालने की अपील करेंगे। इस कार्यक्रम में रालोद मुखिया जयंत चौधरी के साथ रहने का दावा किया जा रहा है। इस तरह से गाजियाबाद में लगातार तीन दिन तक शीर्ष नेताओं का आना-जाना लगा रहेगा। इसके बाद 21 अप्रैल को बसपा सुप्रीमो मायावती का भी गाजियाबाद में चुनाव प्रचार के लिए आना प्रस्तावित है। मायावती अपनी पार्टी के प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर के लिए वोट मांगेंगी। इसके अगले दिन 22 अप्रैल को भाजपा नेत्री अभिनेत्री कंगना रनौत गाजियाबाद में रोड शो करेंगी और वे भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के पक्ष में वोट डालने की अपील करेंगीं। इसी बीच अगले सप्ताह प्रियंका गांधी के रोड शो काफी हेविंग करने की तैयारी की जा रही है इस तरह से आने वाले एक सप्ताह गाजियाबाद में बीवी आईपीएस नेताओं का चुनाव प्रचार करना जारी रहेगा गौरतलब है कि दूसरे चरण का चुनाव प्रचार 24 अप्रैल की शाम को समाप्त हो जाएगा। इसलिए 24 अप्रैल से पहले पहले सभी राजनीतिक दल अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को गाजियाबाद में बुलाकर अपने-अपने पक्ष में प्रचार करने की रणनीति में जुटे हैं, ताकि मतदान से पहले बड़े नेताओं को बुलाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए माहौल बनाया जा सके। चुनाव प्रचार के मामले में अब तक भाजपा सबसे आगे रही है। भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के पक्ष में अब तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य भी गाजियाबाद आकर बूथ सम्मेलनों में हिस्सा ले चुके हैं। अतुल गर्ग के चुनाव प्रचार को धार देने के लिए 6 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेगा रोड शो भी कर चुके हैं, जबकि भाजपा प्रत्याशी के नामांकन वाले दिन 3 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रामलीला मैदान घंटाघर में जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। इनके अतिरिक्त भी कई मंत्री गाजियाबाद में अतुल गर्ग की चुनावी कार्यक्रमों में शामिल होकर अपनी पार्टी के लिए जनता से वोट देने की अपील कर चुके हैं।

## संपादक की कलम से

### संकल्प के सवाल

कांग्रेस द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद अब सत्तारूढ़ भाजपा ने भी अपना संकल्प पत्र जारी किया है। पार्टी ने वंचित समाज को केंद्र में रखकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को अपने संकल्प पत्र को जारी करने के दिन के रूप में चुना। संदेश देने का प्रयास किया कि उसे देश के वंचित समाज के अहसासों की फिक्र है। दो कार्यकालों की रीति-नीतियों के अनुरूप अंदाजा लगाना कठिन न था कि भाजपा के घोषणापत्र का खाका क्या होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पार्टी प्रधानमंत्री की छवि और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चुनावी मैदान में है। इस घोषणापत्र में नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की बानगी नजर आती है। ऐसे वक्त में जब पिछले कार्यकालों में भाजपा अपने दो मुख्य मुद्दों अनुच्छेद 370 हटाने व राममंदिर बनाने के वायदे को पूरा कर चुकी है तो जाहिर है नागरिक संहिता का मुद्दा उसकी प्राथमिकता में होना ही था। जो, इस घोषणा पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन, सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून लाना, तीन करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराना, बीस लाख तक का मुद्रा लोन उपलब्ध कराना, किसान निधि को जारी रखना आदि के वायदे किए हैं। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि भाजपा ने 2019 के घोषणापत्र में भी यूसीसी, साठ साल से अधिक के दुकानदारों व किसानों को पेंशन, एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे वायदे किये थे। हालांकि, ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर ह्यमोदी की गारंटी का दावा पार्टी की तरफ से किया जाता रहा है। ये आने वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वायदों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा। बहरहाल, अब किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वायदों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वायदों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वायदों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए। देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती। हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए। हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें।



ललित शर्मा
संपादक

मोनिका डागा

### माता सिद्धिदात्री



नवरात्रि के नवम दिन करते हैं, सिद्धिदात्री मां की वंदना,
पावन तिथि प्रगटे प्रभु श्री राम लला, राजा दशरथ के अंगना।

सिद्ध चक्र की शक्ति है माता, स्वर्णिम कंचन जगमग आभा,
अष्ट सिद्धि नव निधियां देती दुर्गे, जिसने इस चक्र को साधा।

सकल ब्रह्मांड की संपूर्ण शक्ति व सिद्धियां, यहीं पर है उपस्थित,
अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व।

भोलेनाथ ने पाया मां सिद्धिदात्री से, सिद्धियों का अनुपम वरदान,
शिवजी अर्धनारीश्वर कहलाए, माता रानी का किया जयगान।

सिंह पर सवार कमल पुष्प धारिणी, चतुर्भुजी देवी कमलासनी,
मातेश्वरी, जगदाती, त्रिभुवनेश्रवरी, जगदंबे सर्व सिद्धि प्रदायिनी।

जो जन करता माता सिद्धिदात्री का, पूर्ण आस्था से मन लगाकर ध्यान,
भवसागर से मुक्त – विमुक्त हो, पाता मोक्ष का वृहद अद्भुत ज्ञान।

सभी देवी देवताओं ने समय-समय पर, विभिन्न रूपों में की माता की श्रेष्ठ भक्ति,
सर्वेसर्वा महामाई का मिला आशीष, मनवांछित वर की हुई प्राप्ति।

नवरात्रों के नौ दिवस, इसीलिए होते हैं अति विशेष,
विकारों पर विजय प्राप्त कर, योगिजन शक्ति का कराते अंतर्मन में प्रवेश।

नौ दिनों में नवरात्रि के जागृत होती है, यह सारी दिव्य शक्तियां,
सकल ब्रह्मांड नमन करता माता को, सर्व समर्पण कर अपनी अभिव्यक्तियां।

हर इच्छा पूरी होती है जो, मेहरोवाली जगदंबे की शरणे आता,
सच्ची श्रद्धा भाव, आस्था, भक्ति से मां दुर्गा का दर्शन पाता।

चरणों में तेरे शीश झुकाता हूं मईया, मेरे क्षमा करो सब अपराध,
सदैव बरसाओ मां मुझ पर अपना, अमित ₹आनंद₹ प्रसाद।

धन्यवाद करता हूं देवी दुर्गे महारानी, आप है परम कृपालु,
मूढ़ मति मैं बालक हूं आपका, दया करो भवानी, महायोगिनी दयालु।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।


# नवरात्रि के नवें दिन करें मां सिद्धिदात्री की पूजा

नवरात्रि पूजन के नवें और आखिरी दिन मां दुगार्जी की नवीं शक्ति सिद्धिदात्री की उपासना की जाती है। मां का यह रूप सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाला है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार आठ सिद्धियां हैं। मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था, इसी कारण वह लोक में अर्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए।

■ **पूजा विधि** :सर्वप्रथम कलश की पूजा व उसमें स्थपित सभी देवी-देवताओं का ध्यान करना चाहिए। रोली, मोली, कुमकुम, पुष्प चुनरी आदि से मां की भक्ति भाव से पूजा करें। हलुआ, पूरी, खीर, चने, नारियल से माता को भोग लगाएं। इसके पश्चात माता के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इस दिन नौ कन्याओं को घर में भोजन कराना चाहिए। कन्याओं की आयु दो वर्ष से ऊपर और 10 वर्ष तक होनी चाहिए और साथ में बटुक का स्वरुप मानकर एक बालक को भी कन्याओं के साथ बिठाकर भोजन कराना चाहिए। नव-दुगाओं में सिद्धिदात्री अंतिम है तथा इनकी पूजा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

### पूजा मंत्र

**सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि,**
**सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।**




■ **पूजा का महत्वः** इस दिन विधि-विधान और भाव भरे मन से इन देवी की पूजा से साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए असंभव नहीं रह जाता, सर्वत्र विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप माना गया है जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से अपने भक्तों को सम्मोहित करती हैं। इनकी उपासना से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। भक्त इनकी पूजा से यश, बल, कीर्ति और धन की प्राप्ति करते हैं। मां की उपासना से भक्तों को संसार में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### देवी सिद्धिदात्री की कथा

कथा में वर्णन है कि जब दैत्य महिषासुर के अत्याचारों से परेशान होकर सभी देवतागण भगवान शिव और भगवान विष्णु के पास पहुंचे।तब वहां मौजूद सभी देवतागण से एक तेज उत्पन्न हुआ और उसी तेज से एक दिव्य शक्ति का निर्माण हुआ, जिसे मां सिद्धिदात्री कहा जाता है। दुर्गासप्तशती में उल्लेख है कि भगवान शिव के तेज से देवी का मुख, यमराज से देवी के बाल, विष्णु जी से वक्षस्थल, इंद्र से कमर, वरुण से जंघा, ब्रह्मा जी से दोनों पैर, सूर्य से पैर की उंगलियां, वायु से हाथों की उंगलियां, कुबेर से देवी की नाक, प्रजापति से देवी के सुंदर दांत बने।सभी देवताओं ने अपनी शक्ति को मिलाकर देवी को अस्त्र-शस्त्र प्रदान किए। इस तरह से माता ने महिषासुर का अंत किया।

# मुरादाबाद में अंदरूनी कलह के चलते ढह सकता है सपा का मजबूत दुर्ग



लोकसभा चुनाव के लिये प्रथम चरण के मतदान में गिनती के दिन शेष बचे है, ऐसे में मुरादाबाद लोकसभा सीट की लड़ाई दिन पर दिन और दिलचस्प होती जा रही है। कहानी में ताजा मोड़ तब आया जब समाजवादी पार्टी (सपा) जो पहले उम्मीदवार चयन को लेकर असमंजस से जूझ रही थी। मुरादाबाद में मौजूदा सांसद एसटी हसन की जगह रुचि वीरा को लेने के बाद सपा के भीतर भड़क उठी थी, जिन्हें जेल में बंद पार्टी नेता और कद्दावर नेता आजम खान की पसंद के रूप में देखा जाता है। पार्टी द्वारा तिरस्कृत किए जाने के बाद हसन ने स्वयं को वीरा के अभियान से अलग कर लिया है। हसन यदि वीरा के समर्थन में सामने आते हैं तो इससे मतदाताओं में एक अच्छा संदेश जाएगा। सपा नेताओं के एक वर्ग का मानना है कि मुरादाबाद के पूर्व महापौर हसन, जो अपनी चिकित्सा पद्धति के कारण क्षेत्र में एक लोकप्रिय व्यक्ति हैं, की जगह वीरा को लाना मुस्लिम मतदाताओं के एक वर्ग को पार्टी से दूर बसपा की ओर ले जा सकता है, जिसने ठाकुरद्वारा नगर पालिका के वर्तमान अध्यक्ष और स्थानीय ओबीसी मुस्लिम नेता इरफान सैफी को मैदान में उतारा है। मुस्लिम सपा का एक प्रमुख वोट बैंक है। मुरादाबाद लोकसभा सीट के 17 लाख मतदाताओं में से लगभग 47 फीसदी मुसलमान हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा पसमांदा मुसलमानों का है। भाजपा द्वारा पसमांदा मुसलमानों को लुभाने पर जोर देने के साथ, मुस्लिम वोटों में विभाजन की भी संभावना है, जिससे भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश कुमार को मदद मिलेगी। 2014 में, कुमार ने एसटी हसन को 87,000 से अधिक वोटों से हराकर मुरादाबाद जीता था। 2019 में, परिणाम बिल्कुल विपरीत था, कुमार इस बार हसन से लगभग 97,000 वोटों से हार गए, संभवत मुस्लिम वोटों के एकीकरण के कारण क्योंकि एसपी और बीएसपी गठबंधन में थे।

बहरहाल, 1992 में अपनी स्थापना के बाद से, सपा ने हमेशा इस सीट से मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि बनिया वीरा को मैदान में उतारने से उसे कुछ उच्च जाति के वोट हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे मुस्लिम समर्थकों के बीच विभाजन की संभावित हानि को रोका जा सकेगा। सपा को वीरा से हसन की नाराजगी और मुस्लिम वोटों के बंटवारे के अलावा मुरादाबाद में अपनी सहयोगी कांग्रेस से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान ने वीरा पर खराब रवैया रखने का आरोप लगाया है और कहा है कि वह चुनाव से तटस्थ रहेंगे। उन्होंने बताया कि मुझे लगता है कि वह (वीरा) चाहती थी कि मैं उसकी गुलामी करूं। मुझे वह पसंद नहीं आया. हालाँकि मैं उसका विरोध नहीं कर रहा हूँ, लेकिन मैं उसका समर्थन भी नहीं कर रहा हूँ।

उधर, वीरा के प्रतिनिधि सुनील भारद्वाज ने कहा कि सपा और कांग्रेस संगठनों के बीच अच्छा समन्वय है। ह्लमुरादाबाद एक बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है और चुनाव प्रचार जारी है। हर किसी को समय देना कठिन है। हो सकता है कि किसी को ठेस पहुंची हो लेकिन यह उसकी ओर से पूरी तरह से अनजाने में हुआ होगा। उन्होंने डॉ हसन से भी संपर्क करने की कोशिश की और उनके आवास पर गईं, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस नेताओं का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें प्रचार के दैनिक कार्यक्रम पहले से साझा किए जाते हैं। बहरहाल, कांग्रेस नेता रिजवान का वीरा के खिलाफ खुला ऐलान जमीन पर सपा और कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच समन्वय और संवाद की कमी वाली तस्वरी पेश कर रहा है। कांग्रेस के एक नेता ने इस बात से इनकार किया कि उनकी ओर से कोई विरोध हुआ है, उन्होंने दावा किया कि कार्यक्रमों के बारे में एसपी की ओर से कोई सूचना नहीं होने के बाद भी पार्टी नेता खुद को अभियान में शामिल कर रहे हैं।

हालाँकि, हसन के नर्सिंग होम से बमुश्किल एक किलोमीटर दूर शहर के कचहरी इलाके में राय विभाजित है। एक व्यापारी मोहम्मद जमील ने कहा कि वह हसन को हटाने के एसपी के फैसले से खुश हैं। ह्लवह बहुत विनम्र हैं लेकिन पुलिस मामलों में गरीब लोगों की मदद करने के लिए अपने रास्ते से बाहर नहीं जाते हैं। वहीं वीरा भी इस सिलसिले में एक्टिव हैं। पिछले शुक्रवार को वह मुसलमानों से मिलीं, जो अलविदा-की-नमाज (रमजान के आखिरी शुक्रवार की प्रार्थना) अदा करने के बाद जामा मस्जिद से बाहर आ रहे थे और उन अधिकारियों से भिड़ गईं जो हमें चुनाव प्रचार करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे। वह हमारे लिए लड़ सकती हैं। स्थानीय लकड़ी व्यापारी शमशुद्दीन ने दावा किया कि हसन ने विकास के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए कभी भी निर्वाचन क्षेत्र में यात्रा नहीं की। वह चाहते हैं कि मुरादाबाद में (आम आदमी पार्टी सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री) अरविंद केजरीवाल जैसा कोई नेता हो, जो हमें सस्ती दरों पर बुनियादी सुविधाएं दिलाने में मदद कर सके। शम्सुद्दीन ने कहा कि उन्हें भाजपा सरकार से कोई वास्तविक समस्या नहीं है। मैं सुरक्षित महसूस करता हूं क्योंकि यह कानून व्यवस्था पर अच्छा काम कर रहा है, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ को सस्ती बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के बारे में भी सोचना चाहिए। शमशुद्दीन के पड़ोसी शारिक जावेद जिले में अपने सबसे बड़े नेता एसटी हसन को सपा द्वारा हटाए जाने से नाराज हैं और उन्होंने कहा कि मुस्लिम वोट बंट जाएगा। सपा के एक जिला पदाधिकारी ने भी जावेद के विचारों से सहमति जताई। नेता ने कहा कि चूंकि हसन की जगह एक हिंदू उम्मीदवार को लाया गया है, इसलिए समुदाय का एक वर्ग सैफी को पसंद करेगा।

बात बीजेपी की कि जाये तो पिछले साल अगस्त में, आदित्यनाथ सरकार ने 1980 में मुरादाबाद में हुए सांप्रदायिक दंगों पर जस्टिस एमपी सक्सेना आयोग की रिपोर्ट के निष्कर्षों को सार्वजनिक किया, जिसकी विपक्ष ने तीखी आलोचना की, जिसने भाजपा पर सीट पर चुनाव का धुव्रीकरण करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। बात दें 13 अगस्त, 1980 को मुरादाबाद शहर की एक ईदगाह में एक सुअर के घुसने के बाद दंगे भड़क उठे थे। मुसलमानों और पुलिस के बीच हुए विवाद और पुलिस गोलीबारी में कई मुसलमानों की मौत हो गई थी। यह घटना तब हुई जब उत्तर प्रदेश और केंद्र दोनों में क्रमशः वीपी सिंह और इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थीं। नवंबर 1983 में इसकी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत कर दी गई थी, लेकिन अब सार्वजनिक हुई रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, हिंसा में भाजपा, आरएसएस और पुलिस सशस्त्र कांस्टेबुलरी की कोई भूमिका नहीं थी। रिपोर्ट में आईयूएमएल नेता शमीम अहमद और एक हामिद हुसैन को दोषी ठहराया गया है।

# चैत्र मास का महत्व



वेलकम इंडिया

हिंदू कैलेंडर में चैत्र माह को साल का पहला महीना माना जाता है। चैत्र मास अधिकतर वसंत ऋतु के आगमन का संकेत देता है। चैत्र का बहुत महत्व है क्योंकि यह हिंदू वर्ष का पहला महीना है। इस माह में कई त्यौहार मनाये जाते हैं। चैत्र माह की पूर्णिमा चित्रा नक्षत्र के अंतर्गत आती है, इसलिए इस माह का नाम चैत्र रखा गया।

इस वर्ष 2024 में, नवरात्रि का सबसे शुभ त्योहार 9 अप्रैल से शुरू होगा और 17 अप्रैल, 2024 तक चलेगा। इस 9 दिवसीय त्योहार के दौरान, देवी दुर्गा और उनकी 9 दिव्य अभिव्यक्तियों की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्रि इसलिए मनाई जाती है क्योंकि माँ दुर्गा स्वयं शक्ति का अवतार हैं और नवरात्रि के दौरान सभी भक्त आध्यात्मिक शक्ति, सुख और समृद्धि प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं और उपवास करते हैं। यह मां दुर्गा और उनके ९ अवतारों जैसे मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी और मां सिद्धिदात्री की पूजा के लिए समर्पित है। मौलिक ऊर्जा के इन तीन रूपों को नवदुर्गा के नाम से जाना जाता है चैत्र नवरात्रि पुराण के अनुसार, नारद जी की सलाह पर देवी पार्वती ने शिव को प्राप्त करने के लिए हजारों वर्षों तक जंगल में कठोर तपस्या और ध्यान किया। वह सफेद वस्त्र पहनती हैं और हाथों में कमंडलु और माला रखती हैं। अपनी कठोर साधना के कारण उन्हें माँ ब्रह्मचारिणी के नाम से जाना जाता है। चैत्र नवरात्र में मंदिरों को सजाया जाता है क चाहूं और खुशियां चाहि रहती है उमंग और उल्लास के साथ माता नवदुर्गा का आव्हान किया जाता है क हर स्वरूप में मैया अपने भक्तों पर कृपा करती हैक जो भी आधार भाव से उसके दर पर आते हैं सब की मनोकामनाएं पूरी कर देती है यह अखंड विश्वास भक्तों में देखा जाता है क माता भक्तों की झोलियां भारती ऐसी मान्यता है कनव दिन तक मंदिर में धूमधाम मचाया जाता है ढोल नगाड़ा से बजाकर मां की आराधना की जाती हैक सुबह शाम भोग चढ़ाया जाते हैं कहर तरफ धूम अच्छी रहती है पहले दिन माता शैलपुत्री लाल ओढ़नी में दिखती है क जो हिमालय सुता कहलाती है क दूसरे दिन तो जैसा रूप मां का माता ब्रह्मचारिणी मैया श्वेत वस्त्र में दिखाई देती है और जब माला धारण किए हुए दिखती है क मां दुर्गा तीसरी रूप में मैया चंद्रघंटा के रूप में भी दिखती है जो अद्भुत हैक चौथे रुपए मां कुष्मांडा के रूप में पधारती है क सृष्टि की जिसने रचना की आदि शक्ति ब्रह्मांड के सँवारती है क पांचवें दिन मैया स्कंदमाता के रूप में आती हैक भगवान स्कंद को गोद में लेकर दर्शन देती है क छठे दिन माता कल्याणी के रूप में भी दिखाई देती हैक महिषासुर का वर्णन कर इस रूप में हमें महर्षि कात्याय की उपासना से हुई प्रसन्न महर्षि की पुत्री कात्यानी का रूप में भी हमें दिखती है कसातवें दिन मंडप में माता कालरात्रि के रूप में सजती है कमाता का यह स्वरूप अत्यंत अद्भुत होती हैक आठ वे दिन महागौरी का न महागौरी के रूप में दिखाई देती हैक श्वेत वस्त्र।

# नेताजी सावधानी बरतिएगा, आचार संहिता उल्लंघन का केस ठुकेगा

वेलकम इंडिया

**गोंदिया-** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का महापर्व देखा और करोड़ों भक्त गानों का रुझान आध्यात्मिक आस्था के प्रति पूरी दुनियां ने देखा जो राममय में सराबोर हो गए राजनीतिक विशेषज्ञों को आभास जरूर हुआ होगा कि यह ट्रेंड वोटो में तब्दील होकर कहां जाएगा। 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी है जो प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामनवमी आ रही है जिसका सूर्य अभिषेक करने का उत्सव मनाने की फिर रणनीति बनाकर तैयारी है जिसका क्रियान्वयन भव्य तरीके से होगा ऐसा मुझे अंदेशा है 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी को पूरे देश में जोरदार ढंग से मनाने का अंदेशा है जिसका पूरा-पूरा लाभ 2024 लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी पार्टी को मिलना निश्चित है और लक्ष्य अबकी बार 400 पार का संभव होने की पूरी पूरी उम्मीद है। दुसरी ओर रामनवमी शोभायात्रा को लेकर जारी संशय के बीच निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि त्योहार के मौके पर किसी राजनीतिक दल के द्वारा झंडा, चुनाव चिन्ह, पोस्टर या बैनर का इस्तेमाल होने पर इसे आचार संहिता उल्लंघन माना जायेगा और समुचित कारवाई की जायेगी।रामनवमी जैसे त्योहार के मौके पर आमतौर पर राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा देश भर में बड़े-बड़े बैनर पोस्टर औरहोर्डिंग्स लगाए जाते रहे हैं, इस बार चुनाव आचार संहिता की वजह से यह देखने को नहीं मिलेगा। हालांकि शोभा यात्रा के दौरान राजनेताओं को इसमें शामिल होने की छूट दी गई है मगर इस पर चुनाव आयोग के पदाधिकारी की नजर रहेगी और इसके लिए हर जिले में बने आचार संहिता कोषांग के द्वारा वीडियोग्राफी की जाएगी इसलिए नेताजी सावधानी बरतिएगा आचार संहिता उल्लंघन का केस ठुकेगा। चूंकि लोकसभा चुनाव के बीच 17 अप्रैल 2024 रामनवमी पर देश को राममय बनाने की संभावना पर चुनाव आयोग की कड़ी नजर इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 बनाम रामनवमी 17 अप्रैल 2024

साथियों बात अगर हम देश को राममय के कार्यक्रम की करें तो, देश को राममय करने काकार्यक्रम यहीं रूकने वाला नही है। राम मंदिर आंदोलन और इसकेनिर्माण के लिए धन संग्रह अभियान से जुड़े लोगों की सूची तैयार की गई है। जिनको अनेक दिनों तक दर्शन करवाने का कार्यक्रम भी मंदिर ट्रस्ट ने तैयार किया है।रोजाना राम भक्तों को अयोध्या दर्शन के लिए प्रांत वाइज बुलाया जाएगा।

# 9वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## परिजनों ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**



**माल,लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र अंतर्गत सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां कक्षा नौ में पढ़ने वाली छात्रा ने आत्महत्या कर लिया।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया परिजनों ने देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया।

मिली जानकारी अनुसार माल थाना क्षेत्र के अंतर्गत काकराबाद गांव निवासी भागीरथ गौतम की नाबालिग पुत्री अनामिका ने सोमवार को सुबह नौ बजे घर के कमरे में लगे पंखे में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

■ **घर पर नहीं था कोई:** मिली जानकारी अनुसार जब अनामिका ने यह कदम उठाया तब उसके पिता भागीरथ व मां शांति खेत में गेहूं की फसल काट रहे थे। घर में केवल नौ वर्ष की छोटी बहन दृश्या सो रही थी, अचानक आंख खुलती ही वह यह मंजर देख कर सन्न रह गई और भागते हुए खेत पहुंच कर माता पिता को घटना की जानकारी दी तब माता पिता घर पहुंचे, तब अनामिका को पंखे से लटकता देख चीख पुकार मच गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका के परिवार में माता शांति व तीन बहनें पन्द्रह वर्षीय ज्योति, बारह वर्षीय रूपाली, नौ वर्षीय दृश्या सभी का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक अनामिका के परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर कुछ संदिग्ध नंबरों से अनामिका को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

**क्या बोले जिम्मेदार**

इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर सर्विलांस की मदद से संदिग्ध नंबरों की जांच की जा रही है। जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सिविल सेवा परीक्षा में 435 वी रेंक पाकर अनुष्का कर्णवाल ने रोशन किया माता-पिता का नाम



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम में अनुष्का कर्णवाल ने 435 वी रेंक प्राप्त की। मोहल्ला कबीर नगर नूरपुर निवासी परी गार्डन के मालिक नरेश कर्णवाल की पुत्री अनुष्का कर्णवाल ने यूपीएससी परीक्षा परिणाम में 435 वा स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता परिवारजनों, नूरपुर व बिजनौर जिले का नाम रोशन किया अनुष्का कर्णवाल ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट सेंट मैरी धामपुर से टॉप किया ग्रेजुएशन लेडी श्री राम कॉलेज दिल्ली से किया तथा दिल्ली से ही यूपीएससी की कोचिंग की। अनुष्का शुरूआत से ही यूपीएससी पर फोकस करती थी अनुष्का ने इस सफलता का श्रेय अपने पूजनीय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

अनुष्का का यूपीएससी में चयन होने पर परिवार व नगर में खुशी का माहौल है अनुष्का की नानी अंगूरी देवी, मामा मनोज कर्णवाल, मामा बृजेश कुमार बिरजू, परिवार सहित हापुड़ से आशीर्वाद देने नूरपुर पहुंचे। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन दिनेश चौधरी, पूर्व चेयरमैन उमेश कर्णवाल, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, राजन कर्णवाल, डी सी बी चेयरमैन पुष्पेंद्र शेखावत, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी नितिन शर्मा, बॉबी चौधरी आदि ने अनुष्का कर्णवाल को शुभकामनाएं दी। वेलकम इंडिया परिवार अनुष्का कर्णवाल के यूपीएससी में चयन होने पर अनुष्का के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने

# कई गांवों का तूफानी दौरा कर भाजपा के पक्ष में मांगे वोट

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर।** ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवो का तूफानी दौरा कर भाजपा के पक्ष में वोट मांगे।

ब्लाक प्रमुख ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम ढेला अहीर गांव पहुंची। गांव पहुंचने पर दलित समाज के लोगों ने ढोलबाजे व फूल माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके पश्चात ग्राम प्रधान की अध्यक्षता एवं सत्यवीर चौहान के संचालन में नुक्कड़ सभा की।

ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने सभा के संबोधन से पूर्व डा.भीमराव अंबेडकर को नमन किया। इसके पश्चात केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सबका साथ सबका विकास के वादे की तर्ज पर हर वर्ग का विकास हो रहा है। उन्होंने विकास के बूते पर दलित समाज व सभा में उपस्थित लोगों से नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपना अमूल्य मत देकर भाजपा प्रत्याशी ओमकुमार को जिताने का आव्हान किया। इसके उपरांत उन्होंने गांव दरियापुर में माठू परधान और चामुंडा देवी के मन्दिर परिसर में नुक्कड सभा कर मतदाताओं को संबोधित कर भाजपा के पक्ष में वोट मांगे। गांव मोरना मे नुकड सभा मे सैकडो की संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही साथ में उमेश कुमार प्रधान, नीरज शेखावत मण्डल महामन्त्री उपस्थित रहे। लोगो के बीच जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाकर वोट मांगे।

भ्रमण के दौरान उनके साथ सत्यवीर चौहान, पारुल चौहान, ज्योति चौहान, कोमल चौहान, सन्दीप राजपूत सहित बडी संख्या में लोग शामिल रहे।

# मृतक के परिजनों ने आक्रोशित होकर रोड जाम कर किया विरोध प्रदर्शन

**वेलकम इण्डिया/ असदुल्लाह सिद्दीकी**



**उसका/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के थाना उसका बाजार कस्बा मे 25 मार्च को कुछ लोगो ने मिलकर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया था।घायल युवक सोनू का इलाज लखनऊ के केजीएमसी अस्पताल में इलाज चल रहा जिसकी आज इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।मौत की खबर सुनते ही परिजन अक्रोशित में आकर रोड जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नरेबाजी कर प्रदर्शन करने लगे।

पूरा मामला जनपद सिद्धार्थ नगर उसका बाजार थाना क्षेत्र का है।मौत की खबर सुनते है तो परिवार में शोक की लहर दौड़ उठी और उसका बाजार धानी मार्ग घंटो जाम कर जाम पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाने लगे दूर दूर तक गाड़ियों की लाइन लगी रही।जिससे आमजनमानस को काफी समस्या उत्पन्न हुई।

मृतक युवक के भाई का कहना है कि उसी गांव के निवासी एक व्यक्ति ने नदी के किनारे ले जाकर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। वही मृतक के भाई ने पुलिस पर पैसा लेने व कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंचे सदर एसडीएम ने मामले को शांत कराया। वही सदर सीओ सुजीत कुमार का कहना है कि मारपीट के दौरान युवक को काफी चोट लग गई थी, हालाकि परिजन को समझा बुझाकर रास्ते को खाली कराया गया और दोषियों के ऊपर कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान सदर एसडीएम डाक्टर ललित कुमार मिश्र, सदर सुजीत कुमार, उपनिरीक्षक अनूप कुमार मिश्र व भारी पुलिस बल मौजूद रही।

## किसान के बेटे ने रोशन किया जिले का नाम

# यूपीएससी में पवन कुमार ने पाई 239वीं रैंक, परिवार में छाई खुशी

**वेलकम इंडिया/प्रिंस कुमार राणा**






**ऊंचागांव।** विकासखंड क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी मुकेश कुमार के बेटे पवन कुमार ने यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा-2023 के घोषित परिणाम में 239वीं रैंक पाई है। बेटे की कामयाबी पर परिवार में जश्न का माहौल है। माता-पिता समेत पूरे परिवार का कहना है कि उन्हें पवन कुमार पर गर्व है, जिसने परिवार के साथ अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है।

मंगलवार को यूपीएससी-2023 की परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। इस परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी पवन कुमार ने 239वीं रैंक प्राप्त कर परिवार व जिले का मान बढ़ाया है। पिता मुकेश कुमार गांव में एक किसान है। माता सुमन गृहणी है। जिसकी चार बहने हैं। सबसे बड़ी बहन गोल्डी बी.ए की परीक्षा के बाद एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ती है।

दूसरी बहन सृष्टि जो वर्तमान में बी.ए की परीक्षा दे रही है। सबसे छोटी बहन सोनिया कक्षा 12 की पढ़ाई कर रही है। किसान पिता ने अपने लाड़ले की कामयाबी पर परिवार में जश्न का माहौल है। अर्पित ने 2017 में नवोदय स्कूल से इंटर की परीक्षा पास की थी। इसके बाद इलाहाबाद से बी.ए की परीक्षा पास की थी। बाद में दिल्ली एक कोचिंग सेंटर में सिविल सर्विस की तैयारी शुरू कर दी। कुछ विषयों की कोचिंग ली और वेबसाइट की मदद ली। दो वर्ष कोचिंग के बाद अधिकतर समय उन्होंने अपने रूम पर रहकर सेल्फ स्टडी की। पवन कुमार का कहना है कि तीसरे प्रयास में उन्हें यह सेफलता मिली है।

इस कामयाबी में उन्हें माता-पिता व भाई का भरपूर सहयोग मिला। पिता मुकेश कुमार का कहना है कि उन्हें बेटे की कामयाबी पर बड़ा अच्छा लग रहा है। मां सुमन खुशी से फूले नहीं समा रही है। मंगलवार उनके घर पर पवन कुमार को बधाई देने व मिठाई खिलाने वालों का देर रात तक सिलसिला चलता रहा।

## माता महाकाली मंदिर पर विशाल भंडारे का आवेदन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मोहल्ला रामनगर स्थित माता महाकाली मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया प्रातः 9 बजे विधि विधान से पंडित अनिल शर्मा द्वारा हवन यज्ञ किया गया इंजीनियर अरुण कुमार (चांगीपुर मिल), यजमान रहे, मास्टर केसरी सिंह, मास्टर नरेश चौहान, मुनीष त्यागी, अवनीश यादव आदि भक्त जनों ने हवन यज्ञ में आहुति देकर धर्म लाभ कमाया तत्पश्चात भंडारा शुरू हुआ जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मास्टर केसरी सिंह, मास्टर नरेश चौहान, मुनीष त्यागी, अवनीश यादव, महिपाल त्यागी सरदार ओमकार सिंह, सत्यवीर यादव, ओम प्रकाश चंद्रा, राजकुमार चंद्रा, कृपाल सैनी, पुरुषोत्तम यादव, किशन लाल पंजाबी बर्तनों वाले, अमित शर्मा, महेश चौधरी आदि भक्त जनों ने सेवा में विशेष योगदान दिया।

## खड़ी ट्रक में भिड़ा बाइक सवार घायल

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** क्षेत्र के भिखारीपुर गांव के सामने हाईवे पर मंगलवार की रात राजातालाब के तरफ से आ रहा बाइक सवार चक्रपानपुर (मिजार्मुराद) गांव निवासी सुनील कुमार उम्र (38) वर्ष हाईवे के किनारे खड़ी ट्रक में पीछे भिड़कर गम्भीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से खजुरी स्थित सूर्यांश हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।

## अष्टमी के दिन मां कुष्मांडा देवी का सिंगार रुद्राक्ष से हुआ



**वाराणसी।** चैत्र नवरात्र अष्टमी के दिन मां कुष्मांडा देवी (दुगार्कुंड) वाराणसी में विशेष सिंगार रुद्राक्ष से किया गया।अष्टमी के दिन लाखों महिलाएं मां कुष्मांडा देवी की परिक्रमा करती नजर आई मान्यता है कि मंदिर में परिक्रमा के बाद महिलाएं देवी मां की गोद भरती है। महंत संजू दुबे, दीपू दुबे, मनोज कुमार मिश्रा, जयेश दुबे देवी मां की सेवा में लगे है साथ ही सभी भक्तो को दर्शन कराया गया विशेष सिंगार पंडित ऋषभ दुबे द्वारा किया गया।

## मवेशी से टकराकर बाइक सवार घायल

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** स्थानीय कस्बा में स्थित हाईवे के फ्लाईओवर पर मंगलवार की देरशाम मवेशी से टकराकर गिरने से बाइक सवार राजेश पटेल (40) घायल हो गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने भदोही जिले के डीघवट गांव निवासी घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजवाया।बाइक सवार वाराणसी से वापस घर लौट रहा था।हेलमेट पहने रहने के कारण सिर में हल्की चोंटे आयी।

# मिजार्मुराद से गायब हुआ किशोर अयोध्या धाम में मिला

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** कोचिंग के लिए घर से निकल गायब हुआ आर्यन सोनकर (17) सर्विलांस की मदद से अयोध्या धाम से बरामद हो गया।किशोर को बरामद करने के बाद पुलिस ने मंगलवार की सुबह उसे स्वजनों को सिपुर्द कर परिवार में खुशियां लौटा सभी के चेहरों पर मुस्कान ला दी।

मिजार्मुराद के गौर गांव निवासी लल्लू सोनकर का पुत्र आर्यन सोनकर सोमवार की सुबह सात बजे घर से खजुरी स्थित कोचिंग जाने के लिए निकला और देरशाम तक वापस नही लौटा।

किशोर एक मोबाइल नंबर से स्वजनों को फोन किया किंतु बात नहीं हो पाई और वह नंबर स्विच ऑफ हो गया।पिता द्वारा थाने पर सूचना देने पर उपनिरीक्षक दिगम्बर उपाध्याय व कांस्टेबल वैभव त्रिपाठी द्वारा सर्विलांस की मदद से लास्ट लोकेशन लिया गया तो अयोध्या का लोकेशन मिला।इसके बाद परिवारजन के साथ पुलिस टीम अयोध्या धाम पहुंच काफी मशक्कत के बाद उसे बरामद कर ली।

अयोध्या जाने के बाबत किशोर कुछ स्पष्ट नही बता सका, बोला कि मैं गलती से बस में बैठकर सो गया था जिस कारण अयोध्या पहुंच गया।

## रघुनाथ बारहसैनी इंटर कॉलेज के छात्रों ने निकाली मतदान जागरूकता रैली

**नरौरा।** राजघाट में मगंलवार को रधुनाथ बारहसैनी इंटर कॉलेज स्कूल के छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और सभी को मतदान के लिए जागरुक किया रैली इंटर कॉलेज से प्रारंभ हो गंगा जी रोड, बड़ा बाजार, घंटा घर, रामलीला ग्राउंड, बुध सैन चौक, रेलवे फाटक से गणेश मंदिर होती हुई स्कूल परिसर में समापन हुआ रैली में छात्र छात्राओं ने नारे भी लगाए सभी को मतदान ने प्रति जागरूक किया इस दौरान प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार, अध्यापक सुनील कुमार, देवेन्द्र सिंह, लक्ष्मन तिवारी, कुबेर सिंह, वविता गोयल, हिमांशु शर्मा, रामू श्याम, वेदप्रकाश, सुभाष बाबू, नगीना सहित सभी अध्यापक आदि मौजूद रहे।

# युवा समाजसेवी डॉ. विकास शर्मा की भाजपा प्रदेश भूपेन्द्र चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** के संसदीय प्रत्याशी राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान के नामांकन सभा में भारतीय जनता के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मंगलवार को शामिल हुए। उन्होंने केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उदघाटन किया, अलीगढ़ रोड के श्रीराम गार्डन में नामांकन सभा को संबोधित किया।

जंहा पर भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्य कर्ता मौजूद थे। इसके बाद वह भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के आवास पर पहुंचे, जहां पर उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के परिजनों से मुलाकात की।

इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर एंव युवा समाजसेवी डॉ. विकास शर्मा से भी शिष्टाचार मुलाकात की और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उनसे भी उनके कुशलक्षेम पूछते हुए पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की। वही डॉ. विकास शर्मा द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान से भी मुलाकात की गई।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात करने के दौरान उनके साथ साथ मे राकेश सचान केबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के अलावा अंजुला सिंह माहौर विधायक सदर, शरद माहेश्वरी जिलाध्यक्ष भाजपा, रामकुमार माहेश्वरी, जिला मीडिया प्रभारी अनिल सिसोदिया, अंकुर सिसोदिया, नगर अध्यक्ष मूलचंद वार्ष्णेय अंकुश गौड, सभासद सुरेश चौधरी, सभासद सूरज माहौर, बौ. प्रशांत शर्मा, सांसद प्रतिनिधि ठाकुर राजेश कुमार सिंह गुड्डू भैया, बृजेश चैहान, हरीश सेंगर, चैधरी रामकुमार वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आग की लपटें सीमा पार करते हुए जिले के त्रिलोकपुर क्षेत्र मे मचाई तबाही

**वेलकम इण्डिया/ असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में गेहूं के डंठल में लगी आग तेज पछुवा हवा से कई गांवों में फैल गई। थोड़े ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मंगलवार दोपहर बारह बजे पड़ोसी जनपद बलरामपुर से गेहूं का डंठल जलते हुए आग की लपटें सीमा पार करते हुए त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के मौर्या डीह, सिकौथा, दर्जीनिया, गोविंदपुर, भलुईया, सिकौथा डीह, दूसरी तरह डेगहर व परसोहन सिवान से लगी आग देवीपुर, सिकरा बुजुर्ग, भदांव व मुडिला मिश्र गांव के सिवान में पहुंची। पछुवा हवा की तेजी ने आग में घी का काम किया। खेतों से बढ़कर आग का रुख गांव के रिहाइशी बस्तियों की तरफ हो गया था। चारों ओर आग ही आग दिख रही थी। फायर बिग्रेड की गाड़ी के देर से पहुंचने पर लोगों ने नाराजगी भी जतायी। वहीं थानाध्यक्ष चंदन कुमार अपने हमराहन के साथ नगर के बड़े बाबू सुधीर कुमार रावत अपने कर्मचारी पिंकू मोदनवाल आदि के साथ व सभासद गणेश वरुण, संदीप यादव गांव-गांव भाग-दौड़कर जनता का सहयोग लेकर आग बुझाने में लगे रहे। आग से मौर्या डीह के किसान मोतीराम मौर्या, जालिम मौर्या, रामेश्वर मौर्या, राम गणेश व जगदीश मौर्या का करीब आठ बीघा सब्जी की खेती जलकर झुलस गई। परशुराम मौर्या का 10 ट्राली भूसा व कल्लू भोजवाल का करीब चार हजार का कबाड़ जलकर राख हो गया। भलुइया गांव के मुसीबत कन्नौजिया का बीस हजार नगदी के साथ घर गृहस्थी का सामान एवं नीबर कन्नौजिया व शिव रतन कन्नौजिया का घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। मुसीबत कन्नौजिया के बेटे का 27 अप्रैल को शादी है।

# विद्युत चिंगारी से साढ़े तीन बीघा की फसल जलकर स्वाहा

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**



**मलिहाबाद, लखनऊ।** विद्युत चिंगारी एक बार फिर किसानों पर कहर बनकर टूटी है, राजधानी लखनऊ की मलिहाबाद तहसील क्षेत्र में विद्युत चिंगारी से करीब साढ़े तीन बीघा की गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आग लगने की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को घटना की सूचना दी। दमकल की गाड़ी आने में देरी होते देख ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने दमकल की टीम के साथ मिलकर आग पर काबू पाया।

मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद में माल रोड पर स्थित विधुत उपकेन्द्र के निकट मंगलवार दोपहर बाद करीब 4 बजे खेतों के पास से निकली हाइटेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से गेहूं की फसल में आग लग गयी। खेत मे अचानक धुआं दिखाई पड़ा। लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक भयंकर आग की लपटें उठने लगी।

आग को देखकर आसपास के लोगो में हड़कंप मच गया और फायर बिग्रेड को सूचना देते हुए आग बुझाने में जुट गए। जिससे मधवापुर निवासी किसान बबलू रावत की एक बीघा, कसमंडी खुर्द के किसान सुरेश, महेश की दो बीघा, अमानीगंज निवासी किसान गोविंद यादव की दस बिसुवा व अन्य खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह वर्ष के तहत लोगों को किया जागरूक







**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तराखण्ड देहरादून के आदेश पर फायर स्टेशन बागेश्वर में अग्निशमन सेवा सप्ताह वर्ष 2024 की थीम ₹अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें, के साथ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत के निर्देशन में वरिष्ठ आईएफएम गणेश चंद्र के नेतृत्व में फायर यूनिट द्वारा अग्नि सुरक्षा जनजागरुकता अभियान के तहत बागेश्वर नगर क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, बैंक, होटल ,पेट्रोल पंप, आदि जगहों में अग्नि सुरक्षा प्रचार-प्रसार का कार्य किया गया।

जिसमें फायर उपकरणों के संचालन के विधि और आग से होने वाले दुर्घटना तथा उनकी रोकथाम के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। कृतिम आग लगाकर बुझाने का फायर डेमो कर और व्यापक रूप में जगहझ्र जगह पर अग्नि सुरक्षा और रोकथाम के पंपलेट वितरित किए गए।

## जनपद के विद्यालयों में शिक्षा में नवाचार अन्तर्गत औषधीय पादप वाटिका का हो निर्माण : डीआईओएस

**संतकबीरनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक संदीप चौधरी ने जनपद के समस्त प्रबन्धक/ प्रधानाचार्य, राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा में नवाचार अन्तर्गत *₹औषधीय पादप वाटिका₹* के निर्माण के सम्बन्ध में निर्देशित किया है कि प्रत्येक विद्यालय में एक औषधीय पादप वाटिका का निर्माण कराया जाय, जिसमें विद्यालय में उपलब्ध भूमि के अनुसार पादपों का संकलन एंव रोपण किया जाय। इनमें सर्वप्रथम वो पौधे रोपित कराये जाये जिनका संदर्भ पाठ्यपुस्तक में हो। औषधीय पादपों का समूह, ज्ञान, परिचय, पहचान लाभ एवं आर्थिक महत्व से छात्र/छात्राओं का परिचय कराया जाये। बच्चों को घरों में भी इसका रोपण परिचार के स्वास्थ लाभ एवं आर्थिक जीवन शैले में सुधार हेतु उपयोगी बनाने के दृष्टि से यह महत्वपूर्ण क्यों है, से परिचित कराया जाय।

# तलवाना खेड़ी के बाबा जोहड़ी वाला मंदिर पर मां दुर्गा का विशाल जागरण तथा भंडारा आयोजित

**राहुल शर्मा हरियाणा /वेलकम इंडिया**



**कनीना।** मंगलवार को उपमडंल के गांव तलवाना खेड़ी के बाबा जोहड़ी वाला मंदिर पर मां दुर्गा का विशाल जागरण तथा भंडारा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अतरलाल ने इलाके के गणमान्यों के साथ समाजसेवा तथा गौसेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए मन्दिर के भगत राजकुमार को साफा पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। उन्होंने जोहड़ी वाला बाबा तथा मां दुर्गा देवी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि समाजसेवा, गौसेवा तथा धरती मां की सेवा ही असली देव पूजा है।

उन्होंने भगत राजकुमार द्वारा समाजसेवा, पर्यावरण सरंक्षण तथा गौसंवर्धन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के असली हीरो और आइकॉन भगत राजकुमार जैसे ही व्यक्ति हैं, जो दिन रात समाजसेवा में लगे रहते हैं।

इस अवसर पर आयोजित भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर तथा बाबा पहाड़ी वाला तथा मां दुर्गा के चरणों में धोक लगाकर मन्नत मांगी। मुख्य अतिथि अतरलाल ने बाबा जोहड़ीवाला की समाधि पर चादर चढ़ाकर समाज तथा राष्ट्र में अमन, शांति तथा खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर लोकप्रिय सांगी बाबूदान सिंह की पार्टी द्वारा सत्यवान सावित्री का सांग मनचीत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी।

इस दौरान मनोज पंडित, विजयपाल साहब, रामौतार सिंह, मूलसिंह, सुनील मास्टर, जयवीर सिंह, ओम तंवर, पूर्ण नम्बरदार सिंह, अजय सिंह, श्रीपाल, सोनू, हनुमानसिंह, हलवाई, श्रीराम बाघोतिया, रामनिवास सरपंच, करण सिंह नम्बरदार, पूर्व सरपंच बीर सिंह, कंवर सिंह, ओमपाल सिंह, रणजीत सिंह, यशपाल सिंह, रिंकू केबल वाला, राम, हरचंद सिंह, राहुल आदि सैंकड़ों भक्त श्रद्धालु उपस्थित थे।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर। (गोविंद मेहता)** पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र नैनीताल डॉ.योगेन्द्र सिंह रावत द्वारा जनपद भृमण पर पहुंचकर पुलिसअधीक्षक कार्यालय सहित डिग्री कॉलेज में बने स्ट्रांग रुम का निरीक्षण किया गया।

जिला मुख्यालय की सीमा पर पहुँचते ही पुलिस की टुकड़ी द्वारा उन्हें ब्रीफ किया गया ।जिसके बाद डीआईजी के जिला मुख्यालय पहुंचने पर एसपी कार्यालय में उन्हें सुसज्जित पुलिस गार्द की सलामी दी गई।इसके बाद लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के लिए पुलिस कार्यालय बागेश्वर में पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोण्डे, व पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी की उपस्थिति में समस्त थाना/चौकी/ शाखा प्रभारियों के साथ बैठक कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

डीआईजी डॉ योगेंद्र सिंह रावत द्वारा आचार संहिता लागू होने से अब तक जनपद पुलिस द्वारा की गयी सभी निरोधात्मक कार्यवाहियों के बारे में जानकारी एवं चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने, आचार संहिता का पूर्ण रुप से पालन करने/कराये जाने,जिले की सीमाओं कौसानी, कंधार, झिरौली, काण्डा, अमसरकोट, बालीघाट में प्रभावी सघन चैकिंग अभियान चलाते हुए अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने,एसएसटी/ एफएसटी,टीमों द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाने,निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने,अवैध नशे में अंकुश लगाने के लिए सभी संदिग्धों को चयनित करते हुए हुए अवैध नशों के अड्डों को चिन्हित कर मादक पदार्थों की तस्करी/ बिक्री करने वाले व्यक्तियों/ आपराधिक गतिविधियों वाले अपराधियों के विरुद्ध आवश्यक सख्त कानूनी कार्यवाही करने, निरोधात्मक कार्यवाही हेतु- गुण्डा, गैगस्टर, 107/116 व 151 सीआरपीसी, पुलिस एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करने, एनडीपीएस, एक्ट वारंटियों के विरुद्द कार्यवाही,सक्रिय अपराधियों की नई हिस्ट्रीशीट खोलने व पुराने हिस्ट्रीशीटर जो अभी भी अपराध में लिप्त है उन पर सख्त कानूनी कार्यवाही करने,सभी थाना/चौकी को क्षेत्रान्तर्गत छोटी से छोटी घटना घटित होने पर गंभीरता से लेते हुवे त्वरित आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक को दिए।

बैठक में सभी पुलिस अधिकारियों को सदैव ईमानदारी पूर्वक अपनी मित्र पुलिस की आमजनता में शांति, सुरक्षा व्यवस्था, और अराजक तत्वों पर नकेल कस कर मित्र पुलिस का मान सम्मान बढ़ाने के लिए कार्य करने को कहा गया ।जिसके बाद डीआईजी डॉ रावत ने डिग्री कॉलेज बागेश्वर में स्ट्रांग रुम का निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया साथ ही आदर्श आचार संहिता का पालन कराने व चुनाव को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सम्बंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

इस दौरान बैठक में पुलिस अधिकारी, थानाध्यक्ष सहित एलआईयू, संचार, सिविल पुलिस, यातायात पुलिस के अधिकारी मौजूद थे।

## प्रथम चरण का चुनाव कराने हेतु पुलिस बल को झंडी दिखाकर जनपद रामपुर किया गया रवाना

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में जनपद रामपुर में होने वाले मतदान हेतु चुनाव ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन संतकबीरनगर में पुलिस बल को ब्रीफ करके हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।जनपद संतकबीरनगर से प्रथम चरण में चुनाव ड्यूटी हेतु 16 उपनिरीक्षक, 210 मुख्य आरक्षी / आरक्षियों को लगाया गया है ।महोदय द्वारा पुलिस पार्टियों को रवाना करने से पहले पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में कर्मियों को एकत्र करके चुनाव आयोग द्वारा दिये गये दिशा निदेर्शों से अवगत कराते हुए अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करने हेतु हिदायत दी गयी, जिससे कि निष्पक्ष व निर्विघ्न मतदान संपन्न हो सके ।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में किया मतदाता जागरूकता का आयोजन



**राहुल शर्मा हरियाणा/वेलकम इंडिया**

**कनीना।** मंगलवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में निर्वाचन आयोग नारनौल के सौजन्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुरेन्द्र सिंह एसडीएम कनीना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में दलबीर सिंह दुग्गल नायब तहसीलदार कनीना ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्त्व को समझाते हुए छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया। उन्होंने चुनाव में एक वोट की अहमियत को कई उदाहरणों से उजागर किया।

उन्होंने मतदान दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में स्वीकार करने का आह्वान किया तथा महाविद्यालय की सभी छात्राओं को संकल्प दिलाया कि वे स्वयं भी मतदान करेंगी और अपने परिवार के सभी मतदाताओं को वोट डलवाने की जिम्मेदारी निभाएंगी। विशिष्ट अतिथि ने छात्राओं को नया मतदाता पत्र बनवाने की प्रक्रिया, योग्यता व नियम आदि की सामान्य जानकारी दी।

## हाथरस की संसदीय सीट के प्रत्याशी अनूप प्रधान के नामांकन सभा में शामिल हुए

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी , प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जिताने का किया आह्वान

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान के नामांकन सभा संबोधित के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सोमवार को हाथरस पहुंचे हैं। मंगलवार को यहां उन्होंने श्रीराम गार्डन पत्रकारों से वार्ता की और इसके बाद पार्टी के पदाधिकारियों से चुनाव की समीक्षा की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने 25 वर्षों के विजन को समाज के सामने पेश किया है। भाजपा का संकल्प पत्र 76 पृष्ठों का है।संकल्प पत्र 10 लाख सुझाव के बाद बनाया गया है। मोदी की गारंटी यानि गारंटी पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प पत्र लंबी छलांग लगाने वाला है। पीएम मोदी का कण-कण और जीवन का हर पल राष्ट्र के लिए समर्पित है।

संकल्प पत्र 2047 के विकसित भारत के दृष्टिकोण को दशार्ता है।युवा, नारी, किसान, गरीब को सशक्त करता है।मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच वर्ष तक जारी रहेगी। आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा उनको प्रधानमंत्री मोदी ने पूजा है। वन नेशन वन इलेक्शन को लागू करेंगे। समान नागरिक संहिता को जरूरी माना गया है। भूपेंद्र चौधरी ने लोगों से अनूप प्रधान को जीतने का आह्वान किया है।

इस दौरान मंत्री राकेश सचान, अलीगढ़ के सांसद और प्रत्याशी सतीश गौतम, वर्तमान सांसद राजवीर दिलेर, सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सिकंद्राराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, एमएलसी ऋषिपाल सिंह, सादाबाद के विधायक प्रदीप उर्फ गुड्डू चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह, इगलास विधायक राजकुमार सहयोगी, छर्रा विधायक रविंद्र पाल सिंह, पूर्व मंत्री जयवीर सिंह। रूपेश उपाध्याय, मीना कुमारी, भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, अलीगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रघुराज सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आशीष शर्मा, हरिशंकर राना आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## कनीना अनाज मंडी में सरसों खरीद के लिए 17 व 18 का शेड्यूल जारी

**कनीना।** सरसों की सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मुल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल तथा 8 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम 25 क्विंटल की खरीद की जाएगी। यह जानकारी देते हुए सचिव व कार्यकारी अधिकारी मार्केट कमेटी कनीना नकुल यादव ने बताया कि 17 अप्रैल को कनीना, ककराला, दौंगड़ा अहीर, गाहडा, ईसराना, कपुरी, करीरा कलवाड़ी, सेहलंग, कोका, कोटिया तथा 18 अप्रैल को खेडी, नांगल, पड़तल, पाथेडा, रामबास, रसूलपुर, सिहोर, सुन्दरह तलवाना, उन्हाणी गांवों के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि गेट पास कटवाने के लिए किसान आधार कार्ड अपने साथ लाएं।यदि कोई किसान बिना शेड्यूल के अपनी फसल मंडी में लाता है तो उसकी फसल खरीद नहीं की जाएगी।

# मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में महाआरती का हुआ आयोजन

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**



**माल, लखनऊ।** क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के उपलक्ष्य में महाआरती का हुआ आयोजन।

आपको बता दें कि विकासखंड माल की ग्राम पंचायत सस्पन के अटेर गांव स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में अष्टमी के अवसर पर मां की महाआरती हुई ।जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर के मां की आरती की व साथ ही आरती के समापन के बाद प्रसाद का का वितरण हुआ।

**महागौरी के पूजन को उमड़ी :** चैत्र नवरात्र की अष्टमी को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी के दर्शन-पूजन के लिए मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही ।मंगलवार को अष्टमी होने के चलते अन्य दिनों की अपेक्षा मंदिर में भीड़ अधिक देखी गई।

इस दौरान मंत्रोच्चार व जयकारे के साथ श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन-पूजन किया। हर तरफ भक्तों के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

# डीसी मोनिका गुप्ता ने ली कनीना व महेंद्रगढ़ के स्कूल मैनेजमेंट की बैठक




**राहुल शर्मा हरियाणा/वेलकम इंडिया**

**महेंद्रगढ़।** जिला महेंद्रगढ़ के सभी निजी स्कूलों की बसों की फिटनेस का कार्य इस बार शनिवार व रविवार को नई अनाज मंडी नारनौल में किया जाएगा। अगर कोई भी स्कूल संचालक अनफिट बस से बच्चों को ले जाता है अथवा उसके पास कागजात पूरे नहीं है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन के अधिकारी सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लागू करवाने के लिए लगातार कार्रवाई करेंगे। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज महेंद्रगढ़ के महिला राजकीय कॉलेज में निजी स्कूलों के संचालकों व प्रबंधकों की बैठक में बोल रही थी।

डीसी ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने में निजी शिक्षण संस्थाओं का बहुत बड़ा रोल रहा है।ऐसे में निजी संस्थाओं के संचालकों की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी होती है।भविष्य में कोई भी हादसा न हो यह सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी स्कूलो में ट्रांसपोर्ट इंचार्ज को बसों की जिम्मेदारी दी जाए ताकि समय पर सभी कागजात पूरे हों। उन्होंने कहा कि वे चालक के संबंध में बच्चों व अभिभावकों से भी फीडबैक लें। स्कूल संचालकों की मांग पर डीसी ने उपमंडल स्तर पर भी फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिलाने का आश्वासन दिया। इस बारे में उन्होंने रेडक्रास सचिव को जल्द व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से सैकड़ों बीघा फसल जलकर राख

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को दुधारा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आग ने भीषण तांडव मचाया। आग ने सैकड़ों बीघा गेहूं को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड नहीं पहुंचा। जिसके कारण ग्रामीणों में रोष है। थाना दुधारा क्षेत्र के भापटारा से शुरू हुई आग का तांडव बुढ़ाननगर, महुआरी, प्रसादपुर, सफियाबाद, हड़हा आदि दर्जन भर गांवों के सीवानों तक फैल गया जिसके कारण प्रसादपुर में सौ बीघा से ऊपर फसल जली, महुआरी में लगभग 50 बीघा,सफियाबाद में लगभग चालीस बीघा तैयार गेंहू की फसल आग की भेट चढ़ गई। दहकती आग मे मोझ्र आसिफ ने ट्रैक्टर लाकर खेत को जोतने लगे तब जाकर किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

# चुनाव में लोगों को सुरक्षा का एहसास को लेकर एसपी ने मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय डण्डेसरी का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**सिकंदराराऊ।** पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को सकुशल व निष्पक्ष सम्पन्न कराये जाने तथा आमजन को सुरक्षा का एहसास कराने के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ थाना सिकन्द्राराऊ क्षेत्र के बल्नरेबल मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय डण्डेसरी का निरीक्षण किया गया ।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ डॉ0 आनन्द कुमार, प्रभारी निरीक्षक सिकन्द्राराऊ आशीष कुमार आदि अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे ।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा द्वारा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत उपस्थित आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने तथा सुरक्षा का एहसास दिलाया गया तथा चुनावो में लोगो को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने तथा उपस्थित बल्नरेवल लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई तथा सभी को चुनावो में बढ-चढकर मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा ट्रबल मेकर्स को चिन्हित कर उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित व्यक्तियों से वार्ता कर गांव के पुराने विवादो व चुनाव के दौरान उत्पन्न हो सकने वाले विवादो के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी की गई तथा अवगत कराया गया कि चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन पूरी तैयार से तैयार है तथा चुनावों में गड़बड़ करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर है तथा ऐसे लोगो पर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

चुनाव के दौरान किसी तरह की अफवाह न फैलाये न फैलने दे, अफवाह फैलाने वाले तत्वो पर भी पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है तथा चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वालो लोगो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी ।

# जन आशीर्वाद यात्रा में मिल रहा भाजपा के विनोद सोनकर को मिल रहा अपार जन समर्थन

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**कुण्डा प्रतापगढ़।** पिछले दस वर्षों में मेरे द्वारा कुण्डा बाबागंज क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कार्य करने का प्रयास किया गया। 2014 के पहले क्षेत्र की सड़कें गड्ढो में तब्दील थी। आज अच्छी सड़के बन गई है। जिसके कारण अब विकासशील क्षेत्रों में क्षेत्र की पहचान बन रही है। एक साथ तीन रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने के लिये शिलान्यास किया गया। कार्य प्रारम्भ हो गया है। इन्ही सब से आज कुण्डा की पहचान विकसित क्षेत्र में हो रही है। इस बार आप सभी के द्वारा अपार जन समर्थन मिल रहा है।

उक्त बातें मंगलवार को सांसद कौशाम्बी एवं लोकसभा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने लेहदरी गंगा पुल में स्वागत के बाद कार्यकताओं के बीच कही। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि अबकी बार 400 पार का संकल्प लिया गया है। कौशाम्बी लोकसभा के सभी मतदाताओं ने कहा है तीसरी बार 3 लाख पार। इस बार कुण्डा बाबागंज में आम मतदाताओं के द्वारा जिस तरह से स्वागत किया जा रहा है। इस अपार जन समर्थन को देख कर विपक्ष मायूस हो गया है। सांसद विनोद सोनकर ने परियावां, अंसारगंज, अदलाबाद, लवाना, कधेरुआ, कुसुवापुर, रेवली मोड़, लाला बाजार, पनिगो, खनवारी, बंधवा, संग्रामगढ़, नरई, बाबागंज, लखपेड़ा, लंगड़ी महुली, झीगुर, लक्ष्मीगंज, नगर पंचायत हीरागंज बाजार, बहोरिकपुर, महेशगंज, पटना, राजापुर, शुकुलपुर, नगर पंचायत डेरवा बाजार, विकरा, कानूपुर, भिटारा एवं बाघराय बाजार में सांसद का समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी, सांसद मीडिया प्रभारी एवं कौशाम्बी लोकसभा मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, भाजपा नेता मनोज तिवारी, चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सतीश चौरसिया, कमलेश सोनकर, गौरव सिंह, शिवम शुक्ल, मण्डल अध्यक्ष मोहित मिश्र, अनिल पटेल, आशुतोष मणि द्विवेदी, विस्तारक सौरभ काशी, मुन्ना मिश्र, राम मूरत पटेल, अमर जीत सिंह, मोनू शुक्ल, धर्मेन्द्र मिश्र, प्रधान राम खेलावन पटेल, सूरज शुक्ल, ज्ञान चन्द्र पटेल, सन्तोष पांडेय, उमेश पाण्डेय, ऋषभ केसरी, सरोज तिवारी, आनन्द तिवारी, सन्तोष सोनकर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## महिला ने की अपने पूर्व पति पर कार्रवाई की मांग

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू मार्ग निवासी एक महिला ने अपने पहले पति पर उसके पुत्र को फांसी का फंदा लगाकर हत्या कि प्रयास करने का आरोप लगाते हुए उसके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की हैं, पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कस्बे के गंगेरू मार्ग निवासी महिला साईना पत्नी नाजिम ने बताया कि उसकी शादी गंगेरू निवासी राशिद के साथ कई वर्ष पूर्व हुई थी। उसका पति आए दिन पीड़िता के साथ गाली-गलौज व मारपीट करता था, जिससे परेशान होकर उसने अपने पति से तलाक ले ली थी। और दूसरी शादी कस्बे के गंगेरू मार्ग निवासी नाजिम के साथ कर ली थी। उसका एक पुत्र उसके पहले पति के पास गांव गंगेरू में रहता है। पीड़िता का आरोप है कि उसे जानकारी मिली कि उसके पुत्र के साथ उसके पहले पति ने मारपीट कर दी है। जब पीड़िता अपने पुत्र का हाल-चाल जानने के लिए पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए उसके सामने उसके पुत्र के गले में फांसी का फंदा लगाकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। मंगलवार को पीड़ित महिला ने आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बीईओ एवं सीडीपीओ के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

वेलकम इंडिया, लईक सैफी




**टाण्डा।** मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी सद्दीक अहमद और सीडीपीओ राकेश कुमार के नेतृत्व में नगर पंचायत भोजपुर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।जिसमें परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्र-छात्रों ने सभी मतदाताओं से मतदान के दिन बूथों पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की। इस बीच छात्रों की तरफ से जागरूकता संबंधित नारे भी लगाए गए।

मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी सद्दीक अहमद एवं सीडीपीओ राकेश कुमार के मार्गदर्शन में नगर पंचायत भोजपुर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें समस्त परिषदीय विद्यालयों का स्टाफ व बच्चे शामिल हुए।

इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा नारे लगाकर मतदाताओं को जागरूक कर मताधिकार के प्रयोग हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही आगामी 19 अप्रैल 2024 को लोकसभा चुनाव में बच्चों व अध्यापकों द्वारा दृढ़ संकल्प दिलवाया गया कि वे अवश्यरूप से मतदान करेंगे। इस अवसर पर स्वीप टीम भगतपुर टाँडा से डॉ० रईस आलम, निधु देओल, पारुल जैन, शीबा निसार तथा शमीम अहमद बेग, मो० इरफान, नाज़िया तबस्सुम, अश्विनी कुमार, सृष्टि, शशिवाला, बबीता, उजमा खालिद, जयमाला, नाज़िम जहां, शाइस्ता आदि मौजूद रहे।

## शिक्षाविद डॉ.निशा अग्रवाल, सुनीता खोकर

# डॉ.अहसान सहित विशिष्ट विभूतियां डॉ.अंबेडकर कीर्ति अवार्ड से सम्मानित

वेलकम इंडिया/डॉ.शंभू पंवार




**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय मठ सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती पर डॉ.अंबेडकर कीर्ति अवार्ड समारोह 2024 का आयोजन किया गया।

कबीर मठ के महंत भारत भूषण डॉ.नानक दास महाराज के सानिध्य में फरडोद, नागोर में आयोजित भव्य समारोह में ख्यातीनाम लेखिका, साहित्यकार, शिक्षाविद डॉ.निशा अग्रवाल, जयपुर, उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद पाठ्यक्रम समिति के सदस्य शिक्षाविद डॉ.अहसान अहमद, अंतर्राष्ट्रीय शांति दूत एवम वाल्मीकि धर्म संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सुनीता खोकर, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, निरोजा ग्रीन इंडिया फाउंडेशन के डॉ.नीरज गुप्ता, समाज सेविका डॉ.गीता पांडेय, सैयद शादान, लेखक डॉ.सर्वेश कांत वर्मा आदि देश भर की भिन्न भिन्न कार्य क्षेत्र की विशिष्ट विभूतियों को डॉ.भीमराव अंबेडकर कीर्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि सूरत, गुजरात के कस्टम व सीजीसटी असिस्टेंट कमिश्नर डी. आर. रेवाला, सारस्वत अतिथि धरा धाम इंटरनेशनल के प्रमुख एवम मानद कुलपति सौहार्द शिरोमणी डॉ.सौरभ, अति विशिष्ट अतिथि इसरो के वैज्ञानिक रवि कुमार वर्मा, पद्मश्री हिम्मत राम भांबू रहे, समारोह की अध्यक्षता फरडोद सरपंच मंजू ने की। अंत में कार्यक्रम आयोजक महंत भारत भूषण डॉ.नानक दास महाराज ने सभी सम्मानित विभूतियों को शुभकामनाएं देते हुवे सभी का आभार व्यक्त किया।

## शादी में आयीं ताइवानी शिक्षिका से सुरक्षा एजेंसियों ने की पूछताछ

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के भावपुर उर्फ गुलरी में एक शादी समारोह में शामिल होने आयीं ताइवानी महिला अध्यापिका से सीमा पर तैनात विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों ने पूछताछ किया। उसके पास वैध वीजा, पासपोर्ट होने तथा पूछताछ में सन्तुष्ट होने के बाद उसे छोड़ दिया गया। ढेबरुआ थाना क्षेत्र के भावपुर उर्फ गुलरी निवासी मो0 सलमान पुत्र अताउर्रहमान दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया कालेज में चीनी भाषा का छात्र है। उसी कालेज में ताइवान की चेन त्जु-चिंग ची भाषा की अध्यापिका है। रविवार को वह अपने छात्र मो0 सलमान की बहन के विवाह समारोह में शामिल होने भावपुर उर्फ गुलरी आयीं थी। गांव में एक विदेशी महिला के आने की सूचना किसी ने ढेबरुआ थाने पर दे दी। मौके पर पहुंचे एसओ शशांक कुमार सिंह उसे अपने साथ थाने ले आयें।

# पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के जन्मदिन पर कांग्रेस में बंपर ज्वाईनिंग

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा)।** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा के जन्म दिन के अवसर पर मंगलवार को थानेसर विस क्षेत्र के सैंकड़ों युवाओं ने कांग्रेस में आस्था जताते हुए कांग्रेस पार्टी ज्वाईन की। इस दौरान पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने युवा नेता राहुल बारना के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल होने वाले जितेंद्र कुमार, अंकुश, सन्नी, मनदीप, रोबिन, पंकज, रतिंद्र, दीपू, विजय, अभिषेक, प्रवीण, पंकज सहित सैंकड़ों युवाओं को कांग्रेस का पटका पहनाया।

उन्होने सभी युवाओं को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी में सभी को पूरा मान सम्मान मिलेगा। इससे पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के जन्मदिन के अवसर पर उनके निवास स्थान पर उन्हे बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।युवाओं को कांग्रेस में शामिल करवाने के उपरांत पूर्व मँत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार लगातार बढता जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी ने युवाओं को नौकरी देने का झूठा वायदा किया लेकिन इस सरकार द्वारा युवाओं को नौकरी देनी तो दूर उल्टा युवाओं को बेरोजगार करने का काम किया। पहले जो विद्यार्थी स्कूल में पढाई करने के बाद कॉलेज में दाखिला लेकर पढाई करते थे आज बेरोजगारी के डर से युवा विदेशों में जाने को मजबूर हो रहा है। इतना ही नही हरियाणा सरकार ने तो युवाओं को इजराईल में चल रहे युद्ध में ही धकेल दिया। जोकि हरियाणा के युवाओं के साथ नाइंसाफी की है। जबकि केंद्र सरकार एडवाइजरी जारी कर रही है कि कोई भी इजराइल ना जाए, दूसरी तरफ सरकार द्वारा ही युवाओं को वहां भेजा जा रहा है जहां पर युद्ध छिड़ा हुआ है। सरकार का युवाओं पर तरस खाकर उनको रोजगार देना चाहिए।

## मनरेगा योजना में मची है धन की लूट

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बर्डपुर के कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के धन की लूट मची हुई है। कागज में कार्य कर रहे मनरेगा मजदूरों की संख्या अधिक दिखाया जाता है, लेकिन धरातल पर मात्र गिने चुने मजदूर ही कार्य करते हुए पाए जा रहे है। मनरेगा योजना के धन की बंदरबाद करने के लिए कई बार एक ही फोटो को धूधला करके खेल किया जा रहा है। इस प्रकार सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है और जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है। विकास खण्ड बर्डपुर के ग्राम पंचायत बरगदी के टोला अहिरौली गांव मे महेश के घर के पास पोखरे की खुदाई भी नहीं हुई और न ही मजदूर काम पर गये और फर्जी फोटो से 24 मजदूरों की मनिटरिंग जारी है। ग्राम पंचायत चकइजोत में बटकोइया पोखरे की खुदाई कार्य फर्जी फोटो को साथ आन लाइन मोनिटरिंग की जा रही है जबकि धरातल पर न तो मजदूर काम कर रहे है और न ही कोई काम हुआ है।

# किसान सहकारी सेवा सिमिति के डायरेक्टर वासिक पठान राष्ट्रीय लोक दल में हुए शामिल



वेलकम इंडिया

**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** वर्तमान लोकसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन के बाद किसान सहकारी सेवा समिति किठौर के डायरेक्टर वासिक पठान ने भाजपा से यू टर्न मारकर सोमवार को राष्ट्रीय लोक दल का दामन थामा है। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी व जिलाध्यक्ष मतलूब गौड़ ने किला परीक्षितगढ़ में वासिक पठान को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।कस्बा शाहजहांपुर के मूल निवासी वासिक पठान ने 1990 में समाजवादी पार्टी से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी पार्टी के नेता मुलायम सिंह के आह्वान पर जेल भरो आंदोलन के समय 8 दिन जेल में भी रहे थे। वासिक काफी समय से समाजवादी पार्टी के झंडे तले राजनीति में सक्रिय रहे लेकिन 2016 में उन्होंने पार्टी का नेतृत्व ठीक से न मिलने के कारण तथा किठौर विधायक शाहिद मंजूर से तालमेल ना खाने के कारण उन्होंने समाजवादी पार्टी को अलविदा कहकर राष्ट्रीय लोकदल का दामन थाम लिया था हालांकि काफी समय राष्ट्रीय लोक दल में रहने के बाद वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे लेकिन वर्तमान लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने घर वापसी कर पुनः राष्ट्रीय लोक दल का दामन थाम लिया अपने आवास पर पत्रकार वार्ता कर वासिक पठान ने बताया कि किसान हितैषी राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष की नीति और रीती से प्रभावित होकर वह राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हुए हैं तथा भारतीय जनता पार्टी से गठबंधन प्रत्याशी अरुण गोविल के लिये प्रचार कर गठबंधन प्रत्याशी को जिताने की पुरजोर कोशिश करेंगे।

## कोल्ड ड्रिंक व्यापारी की बाइक चोरी, पुलिस तलाश में जुटी

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड निवासी कोल्ड ड्रिंक व्यापारी की बाइक चोरों ने चोरी कर ली, पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। नगर में बाइक चोर गिरोह सक्रिय हो गया है, बीते एक सप्ताह में दो बाइक व एक स्कूटी चोरों ने चोरी कर ली है, पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी राजा ने बताया कि वह कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर कोल्ड ड्रिंक की दुकान पर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। मंगलवार को वह कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान स्थित एक दुकान से सामान लेने के लिए आया था। और उसने अपनी मोटरसाइकिल दुकान के बाहर खड़ी कर रखी थी। तभी किसी चोर ने मौका पाकर उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

# रोड शो निकलने पर प्रत्याशी सहित सैकड़ो पर मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा में सपा प्रत्याशी के द्वारा समर्थकों के साथ बिना परमिशन के रोड शो एवं जनसभा करने पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए 11 नामजद व सैकड़ो अज्ञात लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया है।पुलिस ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा में गत सोमवार की रात्रि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी इकरा हसन व ग्राम प्रधान संजीव फौजी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ रोड शो का आयोजन करते हुए एक जनसभा को भी संबोधित किया। बिना परमिशन के निकाले गए रोड शो एवं जनसभा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी इकरा हसन व ग्राम प्रधान संजीव फौजी सहित 11 नामजद एवं सैकड़ो अज्ञात लोगों के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रशासन के द्वारा मुकदमा दर्ज करने से रोड शो में शामिल समर्थकों में खलबली मची हुई है।और प्रशासन ने भी अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में एडिशनल एसपी संतोष कुमार सिंह का कहना है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, बिना परमिशन के निकले गए रोड शो का वीडियो वायरल होने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# लोकसभा चुनाव में कांग्रेस गठबंधन जीतेगी 10 की 10 सीट: दर्शना

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा)।** कॉग्रेस पार्टी के शिर्ष नेतृत्व, राजेश लिलोठिया, अध्यक्ष, अनुसूचित जाति विभाग, अखिल भारतीय काँग्रेस आई पार्टी के०. राजू अखिल भारतीय कॉग्रेस आई पार्टी व अशोक वरतिया, डी०एन०.टी प्रदेश अध्यक्ष ने कॉग्रेसी की नेत्री दर्शना देवी सिंगवाल

को डी० एन०टी हरियाणा पदेश का महासचिव मनोनीत करने पर आभार जताया । दर्शना देवी सिंगवाल ने कॉग्रेस पार्टी के शिर्ष नेतृत्व के बारे में कहा कि इनकी सोच हमेशा वंचितों को सामाजिक, आर्थिक, व शैक्षणिक रूप से जीवन स्तर में सुधार लाने की रही है। हरियाणा प्रदेश में कॉग्रेस पार्टी की सरकारों ने गरीब लोगों को 100 गज के मुफत रिहायशी प्लाट दिये थे। काशतकार समुदायों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए माटी कला बोर्ड व केश कला बोर्ड का गठन किया था। इसके अलावा कॉग्रेस पार्टी ने अपने इलेक्सन मेनीफैस्टो में भी महिलाओं की दशा सुधारने के लिए कारगर कदम उठाने का भरोसा दिया है। जाति जनगणना कराने का वायदा किया है।

कॉग्रेस पार्टी ने घुमन्तू, अर्घ घुमन्तु जातियों के सामाजिक आर्थिक व शैक्षणिक रूप से जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए रेनके आयोग की सिफारिशों को भी लागू करने का वायदा किया। इससे पूर्व में कॉग्रेस पार्टी ने जनहित के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम व मनरेगा का कानून लेकर आई थी। उन्होंने कहा कि कॉग्रेस पाटी की मजबती के लिए जोरदार ढंग से काम काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा आम चुनावों में कॉग्रेस को विजय मिलेगी हरियाणा में भी इण्डिया गठबन्धन सभी 10 लोक सभा की सीटों पर जीत दर्ज होगी।

# मिस फ्रेशर जोया व मिस फेयरवेल बनी वंशिका



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय में फ्रेशर्स व फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आरम्भ मां सरस्वती के वंदन से किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्या ने छात्राओं को समारोह आयोजन करने पर बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए क्योंकि ऐसे कार्यक्रमों से ऊर्जा बनी रहती है। छात्राओं ने समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी साथ ही तीन वर्षो के अनुभव सभी के साथ साझा किये। समारोह में मिस फ्रेशर व मिस फेयरवेल का भी चयन उनको कई खेल खिलाकर किया गया।

सभी प्राध्यापकों ने इस अवसर पर बी0काम0 अंतिम वर्ष की छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए उनके महाविद्यालय के जीवन की उपलब्धियों के लिये बधाई दी। इस तरह एक सफल व रोचक समारोह सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# राहुल चौधरी को बनाया युवा बुंदेलखंड संगठन का महानगर अध्यक्ष



**झांसी।** आज युवा बुंदेलखंड संघठन के पदाधिकारियों को लेकर आज कार्यालय में बैठक आयोजित हुई जिसमें संघठन के सरंक्षक पं संजीव श्रृंगीऋषि की संस्तुति पर केंद्रीय अध्यक्ष पं सत्यम महाराज के द्वारा राहुल चौधरी को झांसी महानगर का अध्यक्ष मनोनित किया वहीं राहुल चौधरी ने कहा कि आज से मुझे जो बड़ी जिम्मेदारी मिली मै संगठन के लिए ईमानदारी और लगन के साथ काम करूंगा और संघठन को मजबूती दिलाऊंगा राहुल चौधरी के महानगर अध्यक्ष बनने पर राहुल के समर्थकों ने माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई बांटी गई इस मौके पर जीतू शर्मा, दीपक चौधरी, संजय, आकाश गौतम, पंकज, प्रदीप दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आस्था जैन ने किया जनपद सहित अपने माता-पिता का नाम रोशन

वेलकम इंडिया





**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** यूपीएससी की परीक्षा में सफल होकर सामान्य परिवार की एक बेटी ने अपने परिवार व जिले का नाम रोशन किया है। कस्बे के मौहल्ला सरावज्ञान के रहने वाली आस्था जैन का चयन यूपीएससी में हुई है। आस्था ने यूपीएससी की परीक्षा में 131 रैंक हासिल की है। चयन के बाद पूरे कस्बे में खुशी का माहौल है। बड़ी संख्या में लोग उनके परिजनों को बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं।

नगर के मौहल्ला सरावज्ञान निवासी एक सामान्य व्यापारी है, उनकी नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप एक कनफैक्शनरी की दुकान है। उनके यहां तीन पुत्रियां तथा एक पुत्र है, उनके दूसरे नम्बर की पुत्री आस्था जैन का चयन यूपीएससी परीक्षा में हुआ है।

आस्था जैन ने कठिन परिश्रम के साथ पर पढ़ाई की और मुकाम पाया है। उन्होंने सेल्फ पढ़ाई के साथ ही कुछ समय दिल्ली में भी कोचिंग ली थी। उनका पहली बार में ही यूपीएससी में चयन हो गया है। आस्था जैन ने बताया कि अपनी प्रारम्भिक परीक्षा नगर में ही करने के बाद उन्होंने हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा शामली के स्कॉटिस स्कूल से की थी। उनका शुरू से ही यूपीएससी क्रेक करने का सपना था, इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने अपने परिजनों ने अपने सपने के बारे में बताया तो उन्होंने उसे पढाई के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय में भेज दिया, जहां से उसने अपनी बी ए की परीक्षा उत्तीर्ण की। ग्रेजुएशन करने के बाद यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी थी। उन्होंने सेल्फ और ऑनलाइन पढ़ाई भी की। अपने स्तर पर किताबों का चयन किया। उन्होंने कुछ समय यूपीएससी परीक्षा के लिए दिल्ली में भी कोचिंग क्लासेज अटेंड की उनका चयन हुआ। इसके लिए बहुत खुशी हो रही है। वहीं, आस्था जैन के यूपीएससी में चयन के बाद पूरे नगर में खुशी की लहर है। नगर वासी उनके पिता को बधाई देने आ रहे है।

# सैनिक बन्धुओं के साथ मिलकर करेंगे हीटवेव का सामना : जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




**हापुड़।** जनपद की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक बंधु जागरूकता बैठक तथा लू प्रबंधन कार्यशाला में लोगों को लू से बचाव के उपायों के बारे मे जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि पहले के व्यक्ति लू-प्रकोप से बचाव हेतु अनेक उपाय किया करते थे, जैसे कि लोग अपने घरों के बाहर राहगीरों के लिए पीने का पानी मिट्टी के मटके में भरकर रखा करते थे तथा पशु पक्षियों के लिए भी गर्मी के मौसम में पीने के पानी की व्यवस्था करते थे।

उन्होने कहा की विगत कुछ वर्षों में देखा गया है कि तापमान में काफी वृद्धि होने के कारण लू भी अधिक चलती है। तथा पेड़ो का कटान अधिक होने से भी व्यक्ति गर्मी से अधिक प्रभावित हो रहे है, क्योकि पहले लोग गर्मी/लू से बचने के लिए पेड़ों की छाया में बैठ जाते है थे जो गर्मी से राहत प्रदान करते थे।जिला आपदा विषेशज्ञ गजेन्द्र सिंह बघेल ने बताया की गेहूँ की फसल का कटाई की जा रही है, जिसको देखते हुए लू-प्रकोप से बचाव के लिए धूप में रहकर लगातार कटाई न करे, दो-दो घण्टे के अन्तराल पर छाया में बैठकर आराम करें तथा पेय पदार्थों का भी प्रयोग करते रहे। गर्मी के मौसम को देखते हुए प्राइमरी एवं इण्टर कॉलेज के विद्यालयों के समय में परिवर्तन किये जायेंगे, जिससे बच्चों को लू-प्रकोप से बचाया जा सके तथा श्रम विभाग को भी श्रमिकों के हित में जनपद के छोटे एवं बड़े उद्योगो के प्रबन्धकों को यह आदेश जारी करना चाहिए कि उद्योग प्रतिष्ठानों में श्रमिकों/मजदूरों से अधिक देर तक धूप में कार्य न करवाये, यदि कार्य के स्थान पर छाया का प्रबन्ध न हो तथा धूप में कार्य कराया जाना अनिवार्य हो, तो बीच-बीच में श्रमिकों/मजदूरों को आराम दिलाया जाये। प्रशिक्षित एवं अपने क्षेत्र में दक्ष होने के साथ-साथ सैनिकों को अपने आसपास रहने वालें लोगों की अच्छी जानकारी रहती है, जिससे किसी भी प्रकार की आपदा एवं आपातकालीन स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य किया जा सकता है तथा विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव के सम्बन्ध में समाज के लोगों को जागरूक कर सकते है। कार्यशाला के अन्त में कर्नल श्री विवेक ने बताया कि समाज से जुड़े किसी भी कार्य एवं आपदा प्रबन्ध के कार्यों में सेवानिवृत्त सैनिक बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी निर्वहन करते है।

## हमे ले चल अपनी नागरिया अवध बिहारी सांवरिया...

**संतकबीरनगर।** संत कबीर अकादमी मगहर प्रेक्षागृह में रामोत्सव समारोह के अंतिम दिन सोमवार को भजन, नृत्य नाटिका और लोक गायन कार्यक्रम नामचीन कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की गई।जिसे देखकर मौजूद लोगों ने प्रसंशा किया।कार्यक्रम का उद्घाटन संत कबीर अकादमी संस्कृति विभाग के सहायक आशुतोष द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर के किया।कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन दूरदर्शन केन्द्र गोरखपुर की उदघोषिका रीता श्रीवास्तव ने किया। रामोत्सव 2024 समारोह के अंतिम दिन सबसे पहले संत कबीर अकादमी के बच्चों ने नृत्य और योग और एरोबिक संयोजन प्रस्तुत किया। उसके बाद गोरखपुर से आये भजन सम्राट प्रेम प्रकाश दुबे ने भजन की शुरूआतऱ,मंगल भवन अमंगल हारीरराम सियाराम,से की।रसके बाद उन्होंने कहा कि जब श्रीराम लंका पर विजय प्राप्त कर पुष्पक विमान से अयोध्या, लौटेतो,रघुकुल रीति सदा चली आयी,सुनाया।

## अग्निशमन सप्ताह के क्रम में रक्सा टोल प्लाजा के कर्मचारियों को किया गया जागरूक



वेलकम इंडिया

**झांसी।** अग्नि से बचाव हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से यूं तो वर्ष भर अग्निशमन जागरूकता अभियान चलाया जाता है किंतु एक प्रतीक के रूप में आमजन को इस ओर आकृष्ट करने हेतु अग्निशमन सप्ताह जो 14 अप्रैल 2024 से 20 अप्रैल 2024 तक चलाया जा रहा है इसी के क्रम में आज बबीना विकासखंड के रक्सा टोल प्लाजा पर वहां के पदाधिकारी व कर्मचारियों को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रामकेश शुक्ला ,एल एफ एम जगत सिंह एवं वरिष्ठ अग्नि सचेतक सुश्री प्रगति शर्मा द्वारा सभी को आग से बचाव के विभिन्न तरीके सैद्धांतिक व प्रयोगात्मक ढंग से बताए गए साथ ही कपड़ों में आग लग जाने पर दौड़े नहीं जमीन पर लोट लगा ले, घर में विद्युत के जर्जर तारों को तुरंत बदलवाये, मानव जनित एवं प्राकृतिक आपदाओं से कैसे बचाव कर सकते है को विस्तार पूर्वक बताया उक्त अवसर पर अग्नि सचेतक दीपशिखा शर्मा, फायरमैन जितेंद्र नायक, रक्सा टोल से प्रोजेक्ट मैनेजर रंजय सिंह, एच आर मैनेजर आशीष सिंह,नीतिश, सेफ्टी मैनेजर अश्वनी शर्मा , योगेश शर्मा एवं टोल के कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।संचालन वरिष्ठ अग्नि सचेतक प्रगति शर्मा द्वारा किया गया

## सभी सदस्यों के सुख-दुख में संगठन मजबूती के साथ खड़ा रहेगा:मंडल अध्यक्ष डा. संजय द्विवेदी



**संतकबीरनगर।** मंगलवार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई खलीलाबाद की एक मासिक बैठक एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में तहसील अध्यक्ष अतहरूल बारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस दौरान ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष डा. संजय द्विवेदी ने कहा कि सभी सदस्यों के सुख-दुख में संगठन मजबूती के साथ खड़ा रहेगा। आप निष्पक्ष तरीके से रिपोर्टिंग करें। पत्रकार हैं पक्षकार न बनें। खलीलाबाद और मेंहदावल तहसील के पत्रकारों का हेल्थ कार्ड बनाने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।

उन्होंने कहा कि आप खबरों के मामले में भले ही प्रतिस्पर्धा रखें लेकिन अपनी यूनिटी को बनाए रखें।

इस अवसर पर तहसील इकाई के अध्यक्ष अतहरूल बारी, अतीक अहमद, गिरीश चन्द्र गुप्ता, गंगेश्वर मिश्रा, सत्यप्रकाश वर्मा, कमरे आलम अंसारी, शफीक अहमद, नूर आलम सिद्दीकी, जहीर अहमद, इंद्रजीत यादव, टीएच सिद्दीकी, इजहार अहमद शाह, जावेद अहमद, एजाज अहमद, खुर्शीद अहमद, नसीम अहमद, मुकेश कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन मंडल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर ने किया।

## श्रीधाम वृन्दावन का अत्यंत सिद्ध स्थान है चिंतामणि कुंज : महामंडलेश्वर साध्वी राधिका साधिका पुरी

वेलकम इंडिया



**मथुरा/वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित चिंतामणि कुंज में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में चल रहे शतचंडी महोत्सव के अंतर्गत अष्टमी के दिन सैकड़ों कन्या - लांगुरों का पूजन-अर्चन करके उन्हें भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया।साथ ही उन्हें दक्षिणा एवं उपहार आदि वितरित किए गए।चिंतामणि कुंज के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद महाराज ने कहा कि श्रीचिंतामणि कुंज हमारे सदगुरुदेव ब्रह्मलीन श्रीश्री 1008 स्वामी शिवमूर्ति महाराज की साधना स्थली है।यहां पर उनके परमाणु आज भी यहां के कण-कण में व्याप्त हैं।उन्ही के प्रताप से प्रतिवर्ष की दोनों नवरात्रों में मां भगवती की आराधना में 500 से भी अधिक कन्या-लांगूरों का पूजन अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ किया जाता है।

महामंडलेश्वर साध्वी राधिका साधिका पुरी जटा वाली मां एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि

चिंतामणि कुंज श्रीधाम वृन्दावन का अत्यंत सिद्ध स्थान है।यहां प्रतिष्ठित देवी मां की प्रतिमा अत्यंत दिव्य व चमत्कारी है।उनके दर्शन करने मात्र से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं निश्चित ही पूर्ण होती हैं।इसीलिए यहां दर्शन हेतु आने वाले भक्तों व श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ एवं आचार्य रामविलास चतुर्वेदी ने कहा कि नवरात्रों में कन्या पूजन का विशेष महत्व है।इन दिनों कन्या व लांगुरों का पूजन-अर्चन करके प्रसाद ग्रहण कराने से मां दुर्गा अति शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करती हैं।

इस अवसर पर महंत ब्रजेश गिरि महाराज, साध्वी विमल किशोरी (बड़ोदरा-गुजरात), युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, आशानन्द शास्त्री, ब्रजेश गिरि, मस्तराम गौतम, पण्डित जितेंद्र शास्त्री आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रुप से थाना धनघटा क्षेत्रान्तर्गत अग्नि प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को जिलाधिकारी महेन्द्र तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रुप से अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह की मौजूदगी में थाना धनघटा क्षेत्रान्तर्गत अग्नि प्रभावित चपरा पूर्वी, खाले पुरवा, गुलरिया, छपरा मगर्वी, मदरहा, नरायनपुर का निरीक्षण किया गया ।महोदय की उपस्थिति में जनपद सन्तकबीरनगर, जनपद गोरखपुर व जनपद बस्ती की 05 दमकल की गाड़ियों व स्थानीय संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाया गया तथा संबंधित को अन्य कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा श्री अनिल कुमार, पीआरओ पुलिस अधीक्षक उ0नि0 श्री जितेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।


## मजियाखेत पैदल मार्ग खस्ताहाल



**बागेश्वर।** नगर पालिका के ज्वालादेवी वार्ड में बना मार्ग खस्ताहाल हो गया है। मजियाखेत में कैलाश गड़िया की दुकान से मुख्य सड़क तक बनाए जा रहे मार्ग में पालिका के पास मार्ग निर्माण के लिए पर्याप्त जगह होने के बाद भी मुख्य मिलान मार्ग में कम चौड़ी जगह होने से स्थानीय लोगों ने इसे भविष्य में मार्ग को सुगम बनाने के लिए उसे चौड़ा बनाए जाने की मांग की है ।वही मार्ग में लोगों ने इसे मुख्य सड़क तक मिलान कराने के लिए पुराने मार्ग का चौड़ीकरण,रास्ते में पूर्व में पालिका के अधीन पेयजल योजना में बिछाई गई मोटी पाइप लाइन को सुरक्षित स्थान से बनाए जाने, और बीच रास्ते मे विचाई गई पेयजल लाइन से कभी भी कोई हादसा होने की संभावना जताई है। वही मार्ग में खुदाई के दौरान कई पेयजल उपभोक्ताओं की पेयजल लाइन भी क्षतिग्रस्त होने से लोगों के घरों में पानी नही पहुँच पा रहा है, जिस कारण लोग जलसंस्थान को भी पानी नही मिलने की शिकायत दर्ज करा रहे हैं, स्थानीय लोगों ने बन रहे मार्ग का निर्माण गुणवत्तापूर्ण करने,वही ढलान क्षेत्र में उपरी मिट्टी के भूधसाव को रोकने के लिए नए पक्के पत्थरों, से मार्ग में सुरक्षा दीवार बनाए जाने की मांग की है ।वही भविष्य में बार बार मार्ग में कोई भी उसी स्थान पर दोबारा निर्माण कार्य नही कराना पड़े इसके लिए मार्ग का निर्माण गुणवत्तापूर्ण करने की अपील अधिशासी अधिकारी से की है। मार्ग को गुणवत्तापूर्ण बनाने की मांग करने वालों में हरीश सिंह,गोविंद सिंह, मदन सिंह, कमला पाठक, मुन्नी देवी, गणेश चन्द्र पाठक, जानकी देवी, आदि ने मार्ग को चौड़ा नही बनाने पर मार्ग का निर्माण गुणवत्तापूर्ण नही करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## डिजिटलाइजेशन को लेकर बीएसए ने जारी की चेतावनी शिक्षकों में मची खलबली

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** तमाम शिक्षक संगठन करते रहे स्कूल में समय परिवर्तन की मांग, लेकिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने डिजिटाइजेशन को लेकर जारी कर दिया चेतावनी भरा आदेश, जिससे शिक्षकों में खलबली मच गई है। अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए बीएसए बरेली संजय सिंह ने आदेश में कहा है कि बेसिक शिक्षा परिषद के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 15 फरवरी, 2024 से छात्र उपस्थिति पंजिका एवं मध्याहन भोजन पंजिका का डिजिटाइजेशन होना था। साथ ही छात्र उपस्थिति पंजिका में विद्यालय में अध्ययनरत समस्त बच्चों की दैनिक उपस्थिति अंकित की जानी थी। लेकिन जनपद में किसी भी विद्यालय में डिजिटाइजेशन का कार्य नहीं किया जा रहा है। आपको बता दें कि शासन के आदेश के अनुरूप समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा एक अप्रैल से 30 सितम्बर तक प्रातः 8 से 9 बजे तक तथा एक अक्टूबर से 31 मार्च तक प्रातः 9 से 10 बजे तक बच्चों की उपस्थिति

स्मार्टफोन/टेबलेट के माध्यम से पोर्टल पर अंकित की जानी है। यही नही, एमडीएम पंजिका में मिड-डे-मील संबंधी समस्त विवरण यथा-लाभार्थी संख्या, मेन्यू, खाद्यान्न, परिवर्तन लागत आदि का विवरण भी यथा स्थान अंकित किया जाना है। अध्यापकों द्वारा प्रतिदिन मध्याह्न भोजन के उपरान्त स्मार्ट पंजिका अनिवार्य रूप से भरी जायेगी और एक अप्रैल से 30 सितम्बर तक एमडीएम पंजिका मध्याह्न 12 बजे तक एक अक्टूबर से 31 मार्च तक अपराह्न 1:30 बजे तक अनिवार्य रूप से भरी जानी है। लेकिन शैक्षिक सत्र 2024-25 में अभी तक किसी भी प्रधानाध्यापक/ इंचार्ज प्रधानाध्यापक के द्वारा छात्र उपस्थिति पंजिका व एमडीएम पंजिका का डिजिटाईजेशन करके छात्र उपस्थिति व मिड-डे-मील संबंधी समस्त विवरण यथा-लाभार्थी संख्या, मेन्यू, खाद्यान्न, परिवर्तन लागत आदि का विवरण यथा स्थान पर अंकित नहीं किया जा रहा है। इस प्रकरण पर बीएसए बरेली संजय सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त प्रधानाध्यापक/ इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को एक आदेश के जारी कर कहा है कि आपके द्वारा डिजिटाइजेशन का कार्य न करना विभागीय आदेशों की स्पष्ट अवहेलना को दशार्ता है। आप द्वारा किये जा रहे विभागीय आदेश की अवहेलना के लिए क्यों न आपके विरूद्ध गंभीर कार्यवाही अमल में लायी जाये।

## धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कृष्णकान्त शर्मा पुत्र जगदीश निवासी तारसी थाना हाईवे ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए

मौजा तारसी में सह खातेदार की जमीन को बेचने का सौदा जीतू चौधरी पुत्र राजपाल सिंह व राजपाल सिंह व वीरपाल सिंह पुत्रगण विजय सिंह, निवासीगण यशरूप मार्केट, मण्डी समिति के सामने, सौंख रोड, मथुरा से मु 1,32,00,000/- रुपए में हुआ था। इन लोगों से हमारे पुराने सम्बन्ध थे व विश्वास था, इस कारण इन लोगों ने हमसे कहा कि इनकम टैक्स की वजह से हम बैनामें में लिखापढी में सौदा 20,08,000/- रुपए का दर्शा रहे हैं, शेष 1,11,92,000/- रूपया के बदले में आपको ऐसी मौके की जमीन देंगें, जो साल डेढ साल के अन्दर ही दोगुने पैसे की हो जायेगी। हम इन लोगों की बातों व प्रलोभन में आ गये और दिनांक 24.05.2023 को इन लोगों के कहने पर हमने बिना कोई पैसा लिये अपनी जमीन का बैनामा जीतू चौधरी के नाम सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मथुरा में कर दिया। इन्होनें बैनामें में कुल 12 चैक दशार्ये, जिनमें ढाई-ढाई लाख रुपए के 4 चैक दिनांक 24.05.2023 के दिनांकित प्रार्थी की भाभी सुनीता व प्रार्थी के भाई राजेश व भाभी अनामिका व प्रार्थी के नाम के दशार्ये व शेष 8 चैक हम चारों के नाम के दशार्ये, परन्तु उनकी कोई तारीख बैनामें में अंकित नहीं की। बैनामा होने के बाद हमने इन लोगों से चैक मांगे तो कई बार कहने पर इन्होनें ढाई-ढाई लाख रुपए के 4 चैक हमें दिये और शेष चैक बाद में देने के लिये कह दिया, तब से हम इनसे लगातार शेष 8 चैकों की मांग करते चले आ रहे थे तथा ये लोग कोई न कोई बहाना कर टालमटोल करते हुये देने का वायदा करते चले आ रहे थे। परन्तु उन्होनें आज तक न तो शेष धनराशि मु 10,08,000/- रुपए के 8 चैक हमको दिये हैं।

## हीट वेव (लू) से बचाव हेतु क्या करें-क्या ना करें का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के दिए निर्देश



वेलकम इंडिया

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में हीट वेव (लू) से बचाव हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वर्तमान समय में हीट वेव (लू) से बचाव हेतु क्या करें-क्या ना करें का जन सामान्य में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटर, कलेक्ट्रेट, तहसील, ब्लाक, थानों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगवाने को कहा तथा अस्पतालों में सभी जगह हीट वेव से संबंधित आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कृषि अधिकारी को खाद/बीज की दुकानों पर पोस्टर लगवाने के निर्देश दिए, इसी प्रकार नलकूप विभाग को भी सभी नलकूपों पर पोस्टर लगवाने को कहा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गौशालाओं में गोवंशों हेतु पर्याप्त छांव व पीने के पानी की व्यवस्था, टीन शेड के ऊपर पराली व जूट के बोरे आदि डालने के निर्देश दिए ताकि धूप का प्रभाव कम रहे और शेड के नीचे ठंडक रहे। गर्मी के दृष्टिगत सभी तालाबों में पानी भरवाने के निर्देश डीपीआरओ व अधिशासी अभियंता जल निगम तथा सिंचाई को दिए। खराब पड़े हैंडपंप को रिबोर तथा मरम्मत कराने के निर्देश डीपीआरओ को दिए। बस स्टेशन व रेलवे स्टेशन पर पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। श्रम विभाग को निर्देश दिए गए ।

## मां भगवती के 52 सिद्धपीठों में एक है चूड़ामणि मंदिर

वेलकम इंडिया/राजीव चौधरी

**चुड़ियाला।** माता रानी का प्राचीन सिद्धपीठ मंदिर चुड़ियाला गांव में स्थित मां भगवती के 52 सिद्धपीठों में एक है चूड़ामणि मंदिर यहां नवरात्रों में होती है विशेष पूजा तेज्जूपुर चुड़ियाला रेलवे स्टेशन से तीन किलोमीटर दूरी पर चुड़ियाला गांव में स्थित मां चूड़ामणि मंदिर मां भगवती के 52 सिद्धपीठों में से मां चूड़ामणि का मंदिर भी एक सिद्धपीठ है। इसका वर्णन पुराणों सहित दुर्गा सप्तसति में भी मिलता है।

भगवानपुर से 6 किलोमीटर पर चुड़ियाला गांव में स्थित मां चूड़ामणि का मंदिर अनंत काल से विराजमान है। ऐसा माना जाता है कि मां भगवती के 52 सिद्धपीठों में से मां चूड़ामणि मंदिर भी एक सिद्धपीठ है। इसका वर्णन पुराणों सहित दुर्गा सप्तसति में भी मिलता है। यह कहा जाता है कि जब भगवान शंकर सती को लेकर ब्रह्मांड में थे तो भगवान विष्णु के सुदर्शन से सती का चूड़ा यहां पर गिर गया था। तभी से यह स्थान चूड़ामणि के नाम से विख्यात है।

इस स्थान पर सती अपने नए अवतार चूड़ामणि के रूप में प्रकट हुई। माता सती के इस रूप को देखकर भगवान शंकर का मोह दूर हो गया। इस सिद्धपीठ मंदिर की मान्यता है कि निःसंतानों की कामना को माता तीन सालों के भीतर पूरी कर देती है।

मंदिर प्रतिदिन सुबह चार बजे खुलता है। जबकि रात आठ बजे मंदिर के कपाट बंद होते हैं। इसी गांव में एक सिद्ध बाबा बण्खंडी भी हुए थे। ये 84 सिंह बाबाओं में से एक हैं। सर्वप्रथम मंदिर का शुभारंभ इनके द्वारा ही किया गया था। मंदिर परिसर में इनकी समाधि है ऐसा कहा जाता है कि 1909 में माता की भक्ति में लीन होते हुए समाधि ले ली थी। माता रानी में अपार श्रद्धा रखने वाले भक्तों का यहां वर्षभर तांता लगा रहता है। जबकि प्रत्येक रविवार व नवरात्रों में विशेष पूजा की जाती है मत्था टेकने के लिए यहां पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है यह मंदिर रुड़की से करीब 19 किलोमीटर दूरी भगवानपुर से 6 किलोमीटर पर चुड़ियाला गांव मे स्थित है। मंदिर के पुजारी पंडित अनिरुद्ध शर्मा ने बताया कि मां चूड़ामणि मंदिर में 12 महीने भक्तों की भीड़ रहती है ।भक्त माता रानी के दर्शनों के लिए बहुत बहुत दुर से पहुंचते हैं। जबकि ऐसा माना जाता है कि नवरात्र पर मां के दर्शन करने से अधिक फल की प्राप्ति होती है।

### पुत्र प्राप्ति को लोकड़ा चढ़ाने की है प्रथा

पुत्र प्राप्ति की इच्छा रखने वाले दंपति मंदिर में आकर माता के चरणों से लोकड़ा (लकड़ी का गुड्डा) चोरी करके अपने साथ ले जाते हैं और पुत्र रत्न प्राप्ति के बाद अषाढ़ माह में अपने पुत्र के साथ ढोल नगाड़ों सहित मां के दरबार मे पहुंचते हैं। जहां भंडारे के साथ ही दम्पति चोरी कर ले जाए हुए लोकड़े के साथ ही एक अन्य लोकड़ा भी अपने पुत्र के हाथों से चढ़ाने की प्रथा सदियों से चली आ रही है। गांव व आस पास की बेटियां भी विवाह के पश्चात पुत्र प्राप्ति के बाद लोकड़ा चढ़वाना नहीं भूलती है।





## 8 वी फेल से 60 लाख का गांजा बरामद

# क्राइम ब्रांच गाजियाबाद ने 3 बदमाशो को किया गिरफ्तार

इंद्रेश शर्मा



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच पुलिस ने लाल कुआं के रहने वाले 3 अंतराजीय गांजा तस्करों को थाना कविनगर क्षेत्र से 30 किलोग्राम अनुमानित लागत 60 रुपए का गांजा और 1 गेलेंजा कार बरामद की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तीनो अभियुक्त, 8वी पास धनजय, 10 वी पास अभिषेक, बीबीए का छात्र विवेक लाल कुआं गाजियाबाद के निवासी है। इनका सरगना धनंजय है जिसपर लगभग 89 मुकाकमे पूर्व से दर्ज है वर्ष 2018 से सिहानी गेट थाने से लूट के मुकदमे में जेल जा चुका है जहा इसकी मुलाकात गंजा निवासी हापुड़ से हुई जिसने बताया उड़ीसा लाए गांजे से बहुत मुनाफा होता है और अपनी मौज मस्ती के लिए गांजे की तस्करी करने लगा और अभिषेक और विवेक को भी अपने काम में शामिल कर लिया जो कि पहले ड्राइवरी का काम करते थे। तस्करी के लिए किराए पर कार लेने के लिए जूम ऐप का इस्तेमाल यह लोग किया करते थे जिसमे यह तस्करी करते थे।

## रियल एस्टेट सेक्टर को इंडस्ट्री का दर्जा दें सरकारः प्रदीप गुप्ता

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** देश में 19 अप्रैल से लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू हो रहा है।4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे और उसके बाद नई सरकार का गठन होगा। व्यापारी एकता समिति संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा रियल एस्टेट सेक्टर देश का एक ऐसा सेक्टर है जो सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार मुहैया कराता है।इसके साथ ही सरकार के खजाने में मोटा पैसा रियल एस्टेट सेक्टर से जाता है। बावजूद इसके रियल एस्टेट सेक्टर कभी सरकार की प्राथमिकताओं में शुमार नहीं हुआ। यही वजह है कि दिन-ब-दिन इस सेक्टर के सामने चुनौतियां बढ़ती जा रही है। रियल एस्टेट आज कई तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है।इस विषय में,व्यापारी एकता समिति संस्थान का मानना है कि अब वक्त आ गया है कि सरकार रियल एस्टेट सेक्टर को इंडस्ट्री का दर्जा दें। इस क्षेत्र को अपनी प्राथमिकता सूची में शामिल करे। इसके साथ ही मौजूदा वक्त में बिल्डरों को आने वाली परेशानियां को दूर करने के लिए सरकार ठोस पहल करें। ग्रुप हाउसिंग बनाने के लिए जमीन की कीमत महंगी होती जा रही है। बिल्डिंग मैटेरियल्स की कीमत भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में कम दाम में लोगों को घर मुहैया कराना मुश्किल होता जा रहा है और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना भी मुश्किल होता जा रहा है।लिहाजा सरकार से मेरी गुजारिश है कि नई सरकार बनने के बाद ही रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार गंभीरता से कदम उठाए।

## डीएम और प्रेक्षक (सामान्य) अरूण कुमार सिन्हा ने किया ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट वेयर हाउस का निरीक्षण




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह और प्रेक्षक (सामान्य) श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया।इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी व प्रेक्षक (सामान्य) द्वारा ई0वी0एम की सुरक्षा के सम्बंध में विभिन्न ?गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर सीसीटीवी, सुरक्षा में तैनात कर्मियों उनके आईकार्ड, खिड़की-दरवाजों की मजबूती एवं हवा सहित अन्य बातों का ध्यान रखते हुए उक्त भवन को चारों तरफ से सुरक्षा की दृष्टि से जांचा गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उक्त भवन की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों के आईकार्ड पुलिस विभाग द्वार जारी किये जायेंगे। उन्होने ई0वी0एम0 प्रभारी को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाईडलाईन के अनुसार ही कार्य होना चाहिए। किसी भी प्रकार की चूक नहीं होने चाहिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

## निर्वाचन कार्य हेतु निजी हल्के वाहनों के अधिग्रहण आदेश जारी किए

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लोकसभा निर्वाचन हेतु, जनपद में राजकीय वाहनों की संख्या अपर्याप्त होने के दृष्टिगत, निर्वाचन कार्य हेतु निजी हल्के वाहनों के अधिग्रहण आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में आम जन में एक विभ्रम की स्थिति बन रही है कि उन्हे अपने निजी वाहनों/व्यक्तिगत रूप से उपयोग किए जा रहे वाहनों को भी निर्वाचन हेतु उपलब्ध कराना है। अतः मैं संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन गाजियाबाद, स्पष्ट करता हूं कि निर्वाचन कार्य में केवल ऐसे वाहनों को ही प्रयुक्त किया जायेगा जो या तो व्यवसायिक वाहन के रूप में पंजीकृत और टैक्सी परमिट से आच्छादित हैं, अथवा उनका प्रयोग किसी भी रूप में व्यावसायिक स्तर पर किया जा रहा हो। इस प्रकार निर्वाचन हेतु आवश्यक हलके वाहनों की आपूर्ति व्यावसायिक वाहनों से ही सुनिश्चित कर ली जाएगी।

अतः ऐसे वाहन स्वामी, जिनकी निजी वाहन उनके व्यक्तिगत, घरेलू कार्यों में प्रयुक्त होती है, ऐसे निजी हल्के वाहनों को भेजने की आवश्यकता नहीं है, उनका प्रयोग निर्वाचन कार्य में नहीं किया जाना है।

# महामाया देवी मंदिर में उमड़ा जनसैलाबः लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ा मांगी मन्नतें

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** चैत्र मास की सप्तमी व अष्टमी तिथियों में मोदीनगर से सटे ग्राम सीकरी खुर्द स्थित पौराणिक महामाया देवी मंदिर में श्रद्धालु दर्शनार्थियों का जनसैलाब उमड़ रहा है। एक गैर सरकारी अनुमान के अनुसार उपरोक्त दो तिथियों में दो लाख से अधिक श्रद्धालु देवी भक्तों ने भक्ति व षक्ति की प्रतीक मां दुर्गा के मंदिर में माथा टेक प्रसाद चढ़ाया तथा सुख, शांति, स्मृद्धि, सम्पन्नता, संतान, निरोगता आदि की मन्नतें मांगी। श्रद्धालु दर्शनार्थियों की बढ़ती संख्या के कारण दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कई बार जाम की स्थिति बनी रही। तैनात यातायात कर्मी ट्रैफिक कंट्रोल के बजाय मोबाइल द्वारा चालान काटने में अधिक रूचि लेते देखे गए। शहरवासियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। पॉकेट मार सक्रिय- मेले के दौरान श्रद्धालु दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु व्यापक तादाद में तैनात पुलिस बल के बाद भी पॉकेट मारो सहित अन्य कई असामाजिक तत्व सक्रिय रहे। मेरठ में मोहकमपुरी निवासी नितिन कुमार अपनी पत्नी राधा के साथ मंदिर में प्रसाद चढ़ाने आए थे। उसी दौरान उनकी जेब से किसी ने पर्स गायब कर दिया। जिसमें उनका कीमती मोबाइल व व हजारों की नकदी रखी बताई गई। इसी प्रकार छेड़छाड़, झपटमारी व जेब तराशने की गई अन्य घटनाएं हुई। भले ही वे पुलिस रिकार्ड में दर्ज न हो पाई हो। व्यवस्था परखी- पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मंगलवार को मेला स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी। कुछ खामियां भी देखने को मिली। उन्होंने अपने अधीनस्थों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए ताकि आगुन्तक श्रद्धालु दर्शनार्थियों को कोई असुविधा न हो।

# भंडारे लगाकर मॉ दुर्गा का प्रसाद बांटा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** नगर क्षेत्र में अनेक स्थानों पर अष्टमी और नवमी के अवसर कई स्थानों पर भंडारे लगाकर मॉ दुर्गा का प्रसाद बांटा गया। कस्बा निवाड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय त्यागी व चूना भट्टी भूपेंद्रपूरी पर कश्यप मार्केट में हर साल की तरह इस साल भी अष्टमी वाले दिन समाज सेवी पंकज महेश्वरी कश्यप व साथियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे के आयोजक पंकज ने बताया कि इस तरह के आयोजन करने से मन में भक्ति भाव के साथ ही संतुष्टि का अहसास होता है और समाज को जोड़ने का मोका भी मिलता है। इस तरह के आयोजन से समाज में एक नई चेतना जागरूकता पैदा होती है।

## रालोद भाजपा गठबंधन की प्रत्याशी के समर्थन में 19 अप्रैल को होने वाली सभा के लिए किया जनसंपर्क



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** एनडीए प्रत्याशी डॉक्टर राजकुमार सांगवान के समर्थन में आगामी 19 अप्रैल को होने वाली जनसभा को लेकर शिवपुरी कावेरी संजय संजयपुरी ग्राम किल्होडा ईसापुर आदि जगहों पर चुनावी मीटिंग की गई। 19 अप्रैल को यंहा होने वाली जन सभा को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एंव रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी संबोधित करेंगे। इस विशाल रैली में पहुचने लिए क्षेत्र की जनता से अपील की जा रही है। मुख्य रूप से देवेंद्र चौधरी डायमंड टेमपाल सिंह मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा मुकेश चौहान मंडल उपाध्यक्ष किसान मोर्चा विजय मलिक कार्यालय प्रभारी किसान मोर्चा धर्मेंद्र शर्मा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष दीपांशु मलिक आदि जनसंपर्क में लगे हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में सोसासटी की आठवी मंजिल से गिरी बीएससी छात्रा, मौत

**गाजियाबाद।** थाना कविनगर क्षेत्र की पंचशील प्राइम रोज सोसायटी में सोमवार रात एक बीएससी छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में आठवीं मंजिल से नीचे गिर गई। घटना के बाद सोसायटी में हड़कंप मच गया। परिजन घायल छात्रा को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना कविनगर के पंचशील प्राइम रोज के फ्लैट नंबर 703 वीरेंद्र का है। वीरेंद्र साउथ कोरिया में काम करते हैं। फ्लैट में उनकी पत्नी, पत्नी की बहन और उनका बेटा और बेटी रहते हैं। सोमवार देर रात उनकी बेटी 17 वर्षीय की साक्षी आठवीं मंजिल से गिर गई। वह कैसे गिरी यह अभी पहेली बनी हुई है।परिजन साक्षी को तुरंत मणिपाल अस्पताल लेकर गए।

## बाइक सवार बदमाशों ने रालोद नेता को मारी गोली



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजनगर डिस्ट्रिक सेंटर (आरडीसी) में जिला सहकारी बैंक के सामने रोड पर बाइक सवार दो बदमाश राष्ट्रीय लोकदल के नेता लोकेश चौधरी उर्फ लीलू की पींठ में गोली मारकर फरार हो गए।रालोद नेता की पींठ में दो गोली मारी गई है।गोली मारने की सूचना मिलते ही मौके पर एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव, कविनगर थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र मलिक व सेक्टर-3 राजनगर चौकी इंचार्ज यतेंद्र कुमार पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। एसीपी ने तत्काल घायल रालोद नेता लोकेश चौधरी को नेहरूनगर स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके पर छानबीन भी की। मगर हमलावरों का कोई सुराग नहीं लग सका।गोली मारने वाले दो आरोपी बाइक पर सवार होकर आए थे।

## जूम ऐप पर कार बुक उडीसा से लेकर आते थे गांजा, तीन अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

- 60 लाख का 30 किलो गांजा बरामद, डिमांड अनुसार दिल्ली-एनसीआर में करते थे सप्लाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उडीसा से गांजा तस्करी कर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करने वाले 3 अन्तर्राज्यीयतस्करों को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर डीसा राज्य से कार से तस्करी ऑन डिमांड दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करते थे। जिनके कब्जे से टीम ने 60 लाख रुपये कीमत का 30 किलो गांजा बरामद किया है।

एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया मंगलवार को क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी की टीम ने कविनगर थाना क्षेत्र से धनंजय उर्फ बारूद उर्फ डीके उर्फ पठान उर्फ धीरज पुत्र स्वः विजय सिंह उर्फ उर्फ नन्दू प्रसाद सिंह निवासी श्रीराम एन्कलेव लाल कुंआ, अभिषेक कुमार सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी श्रीराम एन्कलेव लाल कुंआ, विवेक कुमार सिह पुत्र श्याम किशोर सिंह निवासी श्रीराम एन्कलेव लाल कुंआ को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर 30 किलो गांजा बरामद किया गया।

## कारोबारी के कार में मिले 3.62 लाख रुपये

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देश में चुनाव आचार संहिता लगने के बाद से गाजियाबाद में पैसा पकड़े जाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शहर की लिंक रोड थाना पुलिस ने मंगलवार दोपहर कौशांबी डिपो के बाहर यू-टर्न पर चेकिंग के दौरान एक कारोबारी की कार से 3.62 लाख रुपये मिले हैं। कारोबारी पूछताछ करने पर पैसों का सही ब्यौरा नहीं दे पाए, जिसके बाद इसे जब्त कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को लिंक रोड थाना क्षेत्र में कौशांबी डिपो के बाहर यू-टर्न पर पुलिस बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बलेनो कार को चेकिंग के लिए रोका गया। कार की तलाशी ली गई तो 3.62 लाख रुपये मिले। पुलिस कार सवार को लिंक रोड थाने ले आई। कार मालिक की पहचान कौशांबी के राधेकृष्णा लेन निवासी मयंक जैन के रूप में हुई है। उनकी इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्री है।

# 18 अप्रैल जनसभा को सम्बोधित करने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी पहुंचेंगे पिलखुआ रामलीला मैदान

वेलकम इंडिया

**गजियाबाद।** गजियाबाद की लोकसभा उत्तर प्रदेश में कुछ खास मायने रखती है। देश की राजधानी और प्रदेश के हिसाब से गाजियाबाद को ही प्रवेश द्वारा माना गया है। गाजियाबाद भाजपा का गढ़ है। मोदी युग का अभेद किला है। गाजियाबाद को अपनी नई पहचान बनाने में यहां के स्थानीय जन प्रतिनिधियों की सराहनीय भूमिका रही है। देश और प्रदेश के मुखिया मोदी योगी का भी गाजियाबाद से खास लगाव है। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा हाईकमान ने प्रत्याशी के रूप में अतुल गर्ग को चुनाव मैदान में उतारा है। गठबन्धन के रूप में लोकदल का साथ गाजियाबाद की शीट पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने वाला है। पांच विधानसभा वाले गाजियाबाद में पार्टी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। मोदी योगी के विशाल रोड शो हो जाने के बाद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के बाद अब धौलाना विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी की सभा लग गई है। लोकसभा संयोजक अजय शर्मा के हवाले से महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 अप्रैल को दोपहर 12 बजे रामलीला मैदान पिलखुआ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मुख्यमंत्री मोदीनगर की सभा में 19 अप्रैल को पहुंचेंगे। 22 अप्रैल को गाजियाबाद में रोड शो के लिए कंगना रनौत का कार्यक्रम की महत्त्वपूर्ण जानकारी मिल रही है। गाजियाबाद में पार्टी की ओर से भी कुछ बड़ा ही होता है तो जनता भी अपनी तरफ से हर बार कुछ बड़ा ही संदेश देती है।



# पोलिंग पार्टी की रवानगी हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

## अपने–अपने कार्यों की सूक्ष्मता से कर लें जांच, ताकि मतदान दिवस पर ना हो कोई परेशानीः जिला निर्वाचन अधिकारी

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में पोलिंग पार्टी की रवानगी के सम्बंध में बैठक आयोजित हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रभारी अधिकारियों और सभी एआरओ से पोलिंग पार्टी की रवानगी के सम्बंध में विस्तार से जानकारी ली कि जिन स्थानों से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होनी हैं उन स्थानों पर वाहनों सहित निर्वाचन अधिकारी/कर्मियों के लिए क्या–क्या व्यवस्था हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जाना कि उक्त स्थलों पर प्रकाश, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की क्या व्यवस्था है। रवानगी के सम्बंध में वाहनों एवं वाहन चालकों की क्या व्यवस्था हैं। इसके ?साथ ही जिन अधिकारियों और कर्मियों की डयूटी लगी हैं उनकी पूर्ण व्यवस्था है या नहीं। पोलिंग रवानगी स्थल से पोलिंग बूथ का का मैप कागजों सहित स्थलीय निरीक्षण किया गया है ?या नहीं। यदि कहीं वाहनों को जाने में दिक्कत है तो उसके लिए क्या व्यवस्थाऐं है। उन्होने जाना मतदाताओं के लिए मतदान स्थलों पर क्या–क्या व्यवस्थाऐं है। इन्हीं के साथ अन्य बिन्दुओं पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विस्तार से चर्चा करते हुए समीक्षा की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी प्रभारी एवं एआरओ अपने–अपने कार्यों को जांच कर स्थलीय निरीक्षण कर लें ताकि मतदान के दिन कोई परेशानी ना हो।? जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पोस्टल वैलेट से मतदान एवं डैस्पेच एवं रीसिवींग के बारे में भी समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी निर्वाचन श्री अभिनव गोपाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन/प्रभारी अधिकारी निर्वाचन श्री रणविजय सिंह, अपर जिलाजिलाधिकारी (एल/ए)/प्रभारी अधिकारी निर्वाचन श्री शैलेन्द्र सिंह भाटिया, अपर जिलाधिकारी नगर /प्रभारी अधिकारी निर्वाचन श्री गम्भीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (एफ/आर)//प्रभारी अधिकारी निर्वाचन श्री सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट श्री अजय अम्बेष्ठ सहित सभी एआरओ एसडीएम सदर श्री अरूण दीक्षित, एसडीएम लोनी श्री निखिल चक्रवर्ती, एसडीएम मोदीनगर डॉ0पूजा गुप्ता, एसीएम श्री सन्तोष कुमार राय एसडीएम न्यायिक श्री चन्द्रेश, जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# लोक सभा सामान्य चुनाव-2024 में 85+ और दिव्यांग व्यक्ति मतदाता द्वारा मतदान शुरू







- प्रथम दिवस 75 लोगों ने किया अपने घर से मतदानः श्री शैलेन्द्र भाटिया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निदेर्शों के अन्तर्गत लोक सभा सामान्य चुनाव-2024 में गाजियाबाद–12 लोकसभा के जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह के निदेर्शानुसार पोस्टल वैलेट प्रभारी/एडीएम एल/ए के नेतृत्व में गाजियाबाद लोक सभा की विभिन्न विधान सभाओं में 85+ और दिव्यांग व्यक्ति मतदाताओं से पोलिंग पार्टियों द्वारा लोनी विधानसभा में 11, मुरादनगर विधानसभा में 23, साहिबाबाद विधानसभा में 30, गाजियाबाद विधानसभा में 07 व धौलाना विधानसभा में 04 व्यक्तियों मतदान कराये गये। इस प्रकार कुल गाजियाबाद–12 लोक सभा क्षेत्र में प्रथम दिन कुल 75 मतदाताओं द्वारा मतदान हुआ।

बताते चले कि यह मतदान प्रक्रिया 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलेगी। किन्तु 17 अप्रैल को रामनवमी होने के कारण अवकाश रहेगा। 18 अप्रैल से यथावत 20 अप्रैल तक उक्त मतदान प्रक्रिया सुबह 09:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक जारी रहेगी।

# मोदी के विकास रथ में शामिल हुए बसपा नेता साथियों संग थामा भाजपा का दामन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव के लिए सभी दलों अपनी चुनावी कसरते जारी हैं। चुनाव से पहले जो दल मौजूदा सरकार के समक्ष जनता की किसी परेशानी आदि की बात करना भी अपनी नैतिक जिम्मेदारी नहीं समझते हों। अपनी पार्टी अपने दल के कार्यकताओं के साथ परिवार जैसा सामंजस्य स्थापित न कर पाते हों। सत्ता में आने के एकमात्र उद्देश्य से या यूं कहें चुनाव से पहले इनके अंदर जाति भक्ति गरीब भक्ति उजागर होने लगती है। मगर अब जनता जनार्दन ऐसे खेल को शुरू होने से पहले खत्म करने का काम करती है। और पार्टी कार्यकर्त्ता दल में घुटन महसूस कर विकासशील मंत्र वाले दल व सरकार से जुड़ने में तनिक देर भी नहीं लगाते। ऐसा ही नजारा नवयुग मार्केट स्थित भाजपा के चुनाव कार्यलय पर देखने को मिल रहा है। यहां आए दिन कांग्रेस, सपा बसपा दलों कई जनप्रतिनिधियों नेताओं कार्यकताओं का भाजपा कार्यालय पर आकर के भाजपा परिवार में शामिल होने के प्रकरण में स्पष्ट दिखता है। इसी कड़ी में मंगलवार को डेढ़ दर्जन बसपा नेताओं ने भाजपा का दामन थामकर पार्टी को तगड़ा झटका दिया है। साथ ही साथ भाजपा सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों पर आस्था दिखाई है। बसपा छोड़ भाजपा का दामन थामने वाले नेताओं को योगी सरकार के राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने भाजपा का पटका माला पहनाकर परिवार में शामिल किया । इस अवसर पर मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया भाजपा में कार्यकताओं के सम्मान और मोदी योगी सरकार की सर्व जन कल्याणकारी नीतियों को देखते हुए दूसरे दलों के लोग घुटन महसूस करने लगे हैं। इस से पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं।

इद्रापुरम मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी व भाजपा पार्षद संजय सिंह की अगुआई में बसपा के पूर्व उपाध्यक्ष तरुण शर्मा, बसपा मंडल उपाध्यक्ष डी०सी० शर्मा ने अपने साथियों सहित भाजपा परिवार में शामिल हुए। इनके साथ भाजपा का दामन थामने वालों में संदीप चौधरी, वरुण झा, आशीस यादव, विजय शर्मा, मनीष यादव, दीपक यादव, विराट पवार आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा, सौरभ जायसवाल, कामेश्वर त्यागी, राजेंद्र मित्तल, नीरज गोयल, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने सभी नए सदस्यों का परिवार में आगमन का स्वागत किया।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कार्यकताओं से की चुनाव पर चर्चा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप मंगलवार को गाजियाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी अतुल गर्ग के चुनाव कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारी और कार्यकताओं से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की और उनको आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी प्रत्येक घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कर रहे हैं ताकि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की विजय हो। स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप इन दिनों शहर से लेकर प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में प्रत्याशियों के लिए प्रचार और पार्टी की योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रहे हैं। साथ ही वे स्थानीय मुद्दों से लेकर व्यापारियों और अन्य वर्ग के लोगों की परेशानियों को भी सुलझाने का काम कर रहे हैं। मंगलवार को मंत्री नरेंद्र कश्यप गोल मार्केट में व्यापारियों के साथ मिले और यहां भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए प्रचार किया व्यापारियों के साथ बैठक करते हुए उन्हें बताया कि किस तरीके से भारतीय जनता पार्टी की सरकार व्यापारियों के हित को ध्यान में रखती है और उनका समय-समय पर साथ हर सहयोग देती है। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप का व्यापारियों की ओर से फूल माला और बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही समय देने के लिए उनका व्यापारियों ने धन्यवाद भी दिया। मंगलवार को नवरात्रि दुर्गा अष्टमी के इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दिल्ली गेट स्थित पौराणिक मंदिर में महा माई के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने अपने और परिवार के साथ ही गाजियाबाद के निवासी और प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य और समृद्धशाली बनने की कामना भी की है।



# पीएम मोदी के सम्मान में हिंदू महासभा ने काशी से अपने प्रत्याशी हटाए, स्वामी चक्रपाणि महाराज



**नई दिल्ली।** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज ने वाराणसी सीट से अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रत्याशी हिमांगी सखी महामंडलेश्वर को लड़ाने के निर्णय को वापस लेते हुए कहा कि यह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सम्मान में एक कदम है उन्होंने आगे कहा कि मुझे याद है जब कांग्रेस के प्रधानमंत्री पीवी नरसिंग राव दक्षिण भारत में चुनाव लोकसभा का लड़े थे उस समय उनके सम्मान में सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशीयो को वापस ले लिया था जिसके परिणाम स्वरूप नरसिम्हा राव जी निर्विरोध चुने गए थे आपसी वैचारिक मतभेद के बाद भी इस तरह के निर्णय यह एक लोकतंत्र का सम्मान है इसलिए मेरा मानना है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिनके रहते धारा 370 समाप्त हुआ श्री राम मंदिर बना तो यह हम सबका कर्तव्य है की सभी राजनीतिक पार्टियों को वैचारिक मतभेद होते हुए भी अपने प्रत्याशी को वापस लेने चाहिए आगे स्वामी चक्रपाणि महाराज ने कहा कि श्री राम मंदिर मामले में हम मुख्य पक्षकार थे लेकिन हमें राम मंदिर ट्रस्ट में नहीं रखा गया ना ही निमंत्रण दिया गया हमें बहुत अपार कष्ट हुआ लेकिन उसके बावजूद भी जब बात माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सम्मान की आती है तो यह हम सब शिकायतें बहुत छोटी हो जाती है, हमारा कर्तव्य है की छोटी-मोटी बातों को भूलकर बिना शर्त माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का साथ और समर्थन दिया जाए उक्त जानकारी राष्ट्रीय प्रेस प्रवक्ता श्री बीके शर्मा हनुमान जी ने दिया शर्मा ने दिया।

## ईएसआईसी अस्पताल में नगर निगम रेनीवेल से करेगा जलापूर्ति

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद क्षेत्र के राजेंद्र नगर सेक्टर 2 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में रेनीवेल से पानी की आपूर्ति की जाएगी। नगर निगम ने इसकी तैयारी कर ली है। नगर निगम द्वारा अस्पताल परिसर में 13 स्थानों पर मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ को आरओ के माध्यम से पानी की सुविधा मिलेगी।

# दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल बनाने का सपना दिखाकर दो लोगों से 10 लाख की ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल पद पर भर्ती के नाम पर 2 लोगों से 10 लाख रुपये ठगने का मामला प्रकाश में आया है। नौकरी नहीं मिलने पर जब पीड़ितों ने पैसा वापस मांगा तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में विकास ने बताया कि उसके दोस्त के चाचा के जरिए उसकी मुलाकात शबे नासिर और रीना से नेहरूनगर में हुई थी। उसने बताया कि वह पुलिस अधिकारी और गृह मंत्रालय से अच्छी तरह परिचित है। वे उसे दिल्ली पुलिस में नौकरी दिला सकते हैं। इसके लिए उन्होंने कुछ खर्चों के बारे में बताया। दोनों ने उसे और उसके दोस्त को नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये ले लिए। इसके लिए उन्हें हाल ही में आयोजित दिल्ली पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए भेजा गया था। इस दौरान आरोपी ने उससे कहा था कि उत्तर पुस्तिका में सिर्फ रोल नंबर लिखकर आना और कोई जवाब नहीं देना।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया





- प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के खिलाफ की जाए विभागीय और दण्डात्मक कार्रवाई : जिला निर्वाचन अधिकारी
- अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज, निर्वाचन में ना बरते लापरवाही : कार्मिक प्रभारी श्री अभिनव गोपाल

**गाजियाबाद।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2024 के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय, मतदान अधिकारी तृतीय का दूसरा प्रशिक्षण आईटीएस में प्रारंभ हुआ। प्रथम पाली में कुल 1574 में से 73 अनुपस्थित रहे जिनमे 20 पीठासीन अधिकारी, 8 मतदान अधिकारी प्रथम, 23 द्वितीय मतदान अधिकारी और 23 मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित थे। जबकि द्वितीय पाली में कुल 1639 में से 96 अनुपस्थित रहे जिनमें से 25 पीठासीन अधिकारी, 11 मतदान अधिकारी प्रथम, 22 मतदान अधिकारी द्वितीय और 38 मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित थे। प्रशिक्षण आईटीएस के 31 कमरों में दिया गया। प्रशिक्षण का प्रथम पाली का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इंद्र विक्रम सिंह एवम चुनाव प्रेक्षक श्री अरूण कुमार सिन्हा, आईएएस द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल प्रभारी/जिला कार्मिक प्रभारी श्री अभिनव गोपाल आईएएस तथा श्री पीएन दीक्षित सह प्रभारी कार्मिक उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों हेतु कार्मिक प्रभारी निर्वाचन श्री अभिनव गोपाल आईएएस तथा सह प्रभारी कार्मिक श्री पीएन दीक्षित को निर्देशित किया कि उक्त कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्यों में अनुशासनहीनता बरतने सहित निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर आरपी एक्ट 1951 की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने के लिए आदेशित किया। कार्मिक प्रभारी निर्वाचन श्री अभिनव गोपाल ने बताया कि सभी अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई हेतु आदेशित कर दिया गया है और एफआईआर दर्ज करवा दी गयी है।

प्रशिक्षण के दौरान गंभीर बीमारी के कारण ड्यूटी करने में असमर्थ लोगों के लिए ड्यूटी कटवाने के लिए मेडिकल बोर्ड की व्यवस्था की गई। प्रशिक्षण के दौरान लगभग 30 कर्मचारियों ने मेडिकल बोर्ड के समक्ष अपना प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया तथा लगभग 15 लोगों ने विभिन्न कारणों से अपनी ड्यूटी कटवाने के लिए प्रतिवेदन दिया जिस पर कमेटी द्वारा उचित निर्णय लिया जाएगा। सभी कर्मचारियों की मूलभूत आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया। प्रथम दिन का प्रशिक्षण में मुख्य रूप से श्री ओपी यादव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, श्री अमरजीत सिंह समाज कल्याण विभाग, श्री पियूष राय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, पवन कुमार भाटी जिला समन्वयक माध्यमिक शिक्षा एवम कार्मिक टीम द्वारा संपन्न कराया गया।

# नौ कन्याओं को नौ देवियों के रूप में पूजन के बाद ही भक्त अपना व्रत पूरा करते हैंः बीके शर्मा हनुमान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि नवरात्रि के शुभ दिनों में कन्या पूजन का महत्व तो हम सभी जानते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि कन्या की संख्या के हिसाब से भी शुभ फल मिलता है। धर्म ग्रंथों में 3 वर्ष से लेकर 9 वर्ष की कन्याएं साक्षात माता का स्वरूप मानी जाती हैं। 1 कन्या की पूजा से ऐश्वर्य, 2 की पूजा से भोग और मोक्ष, 3 की पूजा करने से अर्चना से धर्म, अर्थ एवं काम, चार की पूजा से राज्यपद, 5 कन्याओं की पूजा करने से विद्या, 6 कन्याओं की पूजा से 6 प्रकार की सिद्धि, 7 कन्याओं की पूजा से राज्य, 8 कन्याओं की पूजा से संपदा और 9 कन्याओं की पूजा से पृथ्वी के प्रभुत्व की प्राप्ति होती है। कुछ लोग नवमी के दिन भी कन्या पूजन करते हैं लेकिन अष्टमी के दिन कन्या पूजन श्रेष्ठ रहता है। कन्याओं की आयु 10 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। शास्त्रों में 2 साल की कन्या कुमारी, 3 साल की त्रिमूर्ति, 4 साल की कल्याणी, 5 साल की रोहिणी, 6 साल की कालिका, 7 साल की चंडिका, 8 साल की शांभवी, 9 साल की दुर्गा और 10 साल की कन्या सुभद्रा मानी जाती हैं। भोजन कराने के बाद कन्याओं को दक्षिणा देनी चाहिए। इस प्रकार महामाया भगवती प्रसन्न होकर मनोरथ पूर्ण करती हैं।नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। यूं तो नवरात्रि के किसी भी दिन कन्या पूजन किया जा सकता है परन्तु कन्या पूजन के लिए अष्टमी और नवमी तिथि को श्रेष्ठ माना गया है।